वर्ष- 21 अंक - 273 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, शुक्रवार 20 मार्च 2026



## फसलें बर्बाद देवास में माता टेकरी पर गिरे टेंट



# गर्मी के महीने में बारिश और ओले का मार्च

**शुक्रवार ● एजेंसी**

मार्च के महीने में पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान कल रात को अचानक तेज हवा के साथ बारिश होने, ओले गिरने से इंदौर सहित मध्यप्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम अचानक ठंडा हो गया। बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि से फसलें बर्बाद हो गईं। तेज हवा के कारण देवास में नवरात्रि के पहले दिन माता टेकरी पर टेंट गिर गए। धार में भी कई जगह पेड़ गिर गए। इंदौर के अलावा भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, पांढुर्णा, बैतूल, झाबुआ, बड़वानी दमोह भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, छतरपुर, मंडला, नरसिंहपुर, सागर, सिवनी, दतिया, धार, नर्मदापुरम, पचमढ़ी, रायसेन, रतलाम, श्योपुर, आगर-मालवा, शाजापुर, मऊगंज, सतना, मुरैना, उमरिया, बड़वानी, में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। बारिश के दौरान कई जगह बिजली और ओले गिरे। अचानक हुई बारिश से रात में रमजान के बाजार में अफरा-तफरी मच गई।

# ईरान जंग में अमेरिका ने खोए 4 हजार करोड़ के 16 विमान



**वॉशिंगटन.एजेंसी।** ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच जारी युद्ध अब एक नए मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। इस लड़ाई में अमेरिका को भारी सैन्य नुकसान उठाना पड़ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक अमेरिकी सेना के कई आधुनिक विमान और ड्रोन नष्ट हो चुके हैं। अब तक कम से कम 16 अमेरिकी सैन्य विमान नष्ट हो चुके हैं। इनमें ड्रोन और लड़ाकू विमान दोनों शामिल हैं। इन विमानों की कीमत करीब 4 हजार करोड़ है। एक एफ35 फाइटर जेट भी क्षतिग्रस्त हुआ है। पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर में जब भारत ने एफ-16 विमान को मार गिराया था, तो अमेरिका सरकार ने मना कर दिया था। लेकिन अब तो डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा नुकसान झेला है। अब वो क्या कहेंगे?

## शेयर बाजार के साथ सोना-चांदी भी उछले

**शुक्रवार.एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 790.56 अंक या 1.07प्रश बढ़कर 74,997.80 अंक पर आ गया। वहीं 50 शेयरों वाला निफ्टी 250.80 अंक या 1.09 प्रश बढ़कर 23,252.95 अंक पर आ गया। इसी तरह चांदी की कीमत 6920 रुपये बढ़कर 2.38 लाख रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। वहीं सोने का भाव 2860 रुपये बढ़कर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

### 180 के पार जाएगा कच्चा तेल!

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अधिकारियों के ताजा अनुमानों के अनुसार, अगर वर्तमान हालात अप्रैल के अंत तक भी बने रहे तो क्रूड की कीमत 180 डॉलर प्रति बैरल हो जाएगी।

# यू टर्न लेंगे ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** ईरान के साथ जारी जंग के बीच अमेरिका अब एक बड़ा कदम उठा सकता है। खबर है कि अमेरिका समुद्र में जहाजों पर फंसे ईरान के तेल पर लगी पाबंदी हटा सकता है। इसका मकसद दुनिया में तेल की कमी को कम करना और कीमतों को काबू में रखना है।

### इजरायल करेगा सऊदी के तेल ठिकानों पर हमला

ईरान की सेना के प्रवक्ता ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि इजरायल सऊदी अरब के तेल ठिकानों पर हमला करने की योजना बना रहा है और इसका आरोप ईरान पर डालने की कोशिश करेगा।

### ईरान के पास दो-तीन साल तक जंग जारी रखने की ताकत

ईरान के सर्वोच्च नेता के भारत में विशेष प्रतिनिधि अयातुल्लाह हाकिम अली इलाही ने कहा कि ईरान के पास इतनी शक्ति है कि हम इस युद्ध को दो-तीन साल से अधिक समय तक भी जारी रख सकते हैं। हमारे पास युद्ध का अनुभव भी है। हमने आठ साल तक युद्ध झेला है।

### कैलादेवी से लौट रहे पांच श्रद्धालुओं और अंतिम संस्कार में जा रहे तीन दोस्तों की मौत

**शुक्रवार.एजेंसी।** आगरा के चित्राहाट थाना इलाके में केला देवी मंदिर से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर कानपुर में 3 दोस्त अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। उसी दौरान दूध के टैंकर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इन तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद टैंकर ने तीनों को करीब 100 मीटर तक सड़क पर घसीटा।




## न्यूज़ ब्रीफ...

### राहुल की दोहरी नागरिकता मामले पर हाईकोर्ट सख्त

**लखनऊ.एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर लखनऊ हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्रालय से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सुनवाई के बाद केंद्र सरकार को इस मामले में पार्टी बनाने और 6 अप्रैल तक अपना हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया है।

### सिलेंडर के लिए नौकरी से ली छुट्टी, 9 घंटे लाइन में लगा रहा

**बाराबंकी.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के बाराबंकी में गैस सिलेंडर की किल्लत और सप्लाई में देरी ने एक मजदूर को मजबूरी में नौकरी से छुट्टी लेकर 9 घंटे तक लाइन में खड़ा रहने पर मजबूर कर दिया। बीमार माता-पिता के लिए खाना बनाने की चिंता में वह रात 3 बजे से ही एजेंसी के बाहर पहुंच गया। करीब 12 बजे उन्हें सिलेंडर मिल सका।

### तालिबान ने दी पाक को धमकी, पाक ने भारत पर फोड़ा ठीकरा

**काबुल.एजेंसी।** तालिबान सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने पाकिस्तान को सख्त संदेश देते हुए कहा कि सैन्य दबाव से उनका रुख नहीं बदलेगा। उन्होंने याद दिलाया कि अमेरिका और नाटो भी तालिबान को नहीं झुका सका। वहीं पाकिस्तान ने दावा किया है कि तालिबान ने हमले में भारत के ड्रोन का इस्तेमाल किया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने की प्रेमानंद महाराज से मुलाकात

**मथुरा.एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मथुरा के वृंदावन में संत प्रेमानंदजी महाराज से मुलाकात की। उनके आश्रम में वे करीब 27 मिनट तक रहीं। प्रेमानंद महाराज ने राधे-राधे कहकर राष्ट्रपति का स्वागत किया।

# एयरपोर्ट के नवीनीकृत टर्मिनल का लोकार्पण होगा

## 50 करोड रुपए की लागत, 10 लाख अतिरिक्त यात्री सफर कर पाएंगे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



50 करोड रुपए से अधिक की लागत इन्दौर विमानतल के नवीनीकृत टर्मिनल पर आई है। एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल का लोकार्पण 24 मार्च को होगा। इस नए टर्मिनल से यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं मिलेगी। यहां से उचित दरों वाला उड़ान कैफे शुरू होगा, हर साल 10 लाख अतिरिक्त यात्री सफर कर पाएंगे, यात्रियों को लाइब्रेरी की सुविधा भी मिलेगी,स्वयं सहायता समूहों के लिए 'अवसर' स्टॉल शुरू होगा। 24 मार्च को केन्द्रीय मंत्री राममोहन नायडू वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे। इस टर्मिनल के शुरू होने से एयरपोर्ट की कुल क्षमता बढ़कर सालाना 50 लाख यात्रियों तक पहुंच जाएगी। उक्त जानकारी मीडिया से चर्चा में सांसद शंकर लालवानी ने देते हुए बताया कि इंदौर एयरपोर्ट का तेजी से विकास हो रहा है। इसकी प्रगति के लिए केंद्र सरकार से हर संभव सहयोग मिल रहा है, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो पा रही हैं।' लगभग 50 करोड़ से अधिक की लागत से तैयार इस टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। टर्मिनल में करीब 400 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था,14 चेक-इन काउंटर, आगमन व प्रस्थान क्षेत्र में आरक्षित लाउंज तथा दिव्यांगजनों के लिए विशेष चेक-इन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही बड़ी पार्किंग की व्यवस्था भी विकसित की गई है। यात्रियों की सुरक्षा और समय की बचत को ध्यान में रखते हुए टर्मिनल में 3 एक्स-रे मशीनें लगाई गई हैं, जिससे चेकिंग प्रक्रिया तेज होगी। इसके अलावा आधुनिक सुरक्षा उपकरण भी स्थापित किए गए हैं, जिससे किसी भी संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री का समय रहते पता लगाया जा सके। वर्तमान विंटर शेड्यूल के अनुसार 16 एटीआर विमान सेवाओं को इस टर्मिनल से संचालित किया जाना प्रस्तावित है, जिससे प्रतिदिन लगभग 2739 यात्रियों का आवागमन यहां से होगा। इससे न्यू टर्मिनल बिल्डिंग पर पीक समय में पड़ने वाला दबाव कम होगा और यात्रियों को अधिक सहज अनुभव मिलेगा। वर्तमान टर्मिनल भवन में भी यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई नई सुविधाएं भी जोड़ी गई हैं। इनमें उडान यात्री कैफे, जहां किफायती फूड आइटम्स उपलब्ध होंगे। यहां चाय 10 रु, समोसा 20 रु, पोहा 20 रु और पानी की बोतल 10 रु में उपलब्ध होगी। फ्री वाई-फाई सुविधा 'अवसर' स्टॉल, जिसे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से इंदौर की महिलाएं संचालित करेंगी।

## जैन समाज फेडरेशन ने बनाया एयर कंडिशनर मोक्ष रथ

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने सेवा प्रकल्प के अन्तर्गत महावीर ट्रस्ट के साथ एयरकंडिशनर मोक्ष रथ शव वाहन शुरू किया। इस मोक्ष रथ में शव के साथ परिजन बैठेंगे तो उन्हें गर्मी में ठंडक का एहसास रहेगा। वहीं इस मोक्ष रथ में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं और इस रथ को इंटरनेट से भी जोड़ा गया है, जिससे अगर कोई परिजन विदेश में या दूर है वह अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो रहा है तो अपने निकट के लोगों के दर्शन वे रथ में अंतिम यात्रा के दौरान कर सकेंगे। इस रथ में डिजिटल डिस्प्ले भी लगाया गया है, आगे और पीछे डिजिटल डिस्प्ले से यह पता पड़ेगा कि इस मोक्ष रथ में अंतिम यात्रा किसकी जा रही है। रथ की शुरूआत हो चुकी है और शिक्षाविद डॉ. माधव परांजपे की अंतिम यात्रा इसी रथ से अंतिम यात्रा के रूप में निकाली गई थी। उक्त जानकारी राकेश जैन विनायका 9425060655 ने दी।




## आज शहर कांग्रेस पदाधिकारी और ब्लाक कार्यकारिणी की सम्भावना

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** शहर कांग्रेस पदाधिकारी और रूके हुए चार ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा किसी भी समय हो सकती है। इंदौर शहर कांग्रेस ने जो इकाई पदाधिकारियों की साढ़े पांच विधानसभाओं के प्रभारियों और वरिष्ठ नेताओं ने भेजी थी उसकी स्वीकृति भोपाल प्रदेश कांग्रेस ने कर दी है। अब उसकी स्वीकृति जल्द ही प्रदेश कांग्रेस करने के साथ इंदौर भेजेगी और उसकी घोषणा की जाएगी। चार ब्लॉक अध्यक्ष भी रूक गए थे उनके नाम भी शहर कांग्रेस इकाई के साथ भेजे गए थे। वे चार ब्लॉक अध्यक्ष के नाम घोषित होने के साथ ही कांग्रेस के 24 ब्लॉक अध्यक्ष नए हो जाएंगे। इधर शहर कांग्रेस में 51 पदाधिकारी मिल जाएंगे। सूत्रों का कहना है कि आज शहर कांग्रेस इकाई की घोषणा हो सकती है।

## कांग्रेस आज सिंधी समाजजनों का करेगी स्वागत

### *गांधी भवन के नीचे लगेगा मंच, चेटीचंड उत्सव का निकलेगा जुलूस*

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** आज सिंधी समाजजन अपने आराध्य देव भगवान झूलेलालजी की जयंती चेटीचंड उत्सव के रूप में मना रहे हैं। आज शाम को भगवान झूलेलालजी के जयकारों के साथ सिंधी समाजजन जुलूस निकालेंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल सहित कांग्रेसी बड़ी संख्या में गांधी भवन के नीचे चेटीचंड जुलूस के स्वागत के लिए मौजूद रहेंगे। चौकसे के नेतृत्व में होने वाले इस स्वागत में कांग्रेस से जुड़े कुछ सिंधी समाजजनों को भी मंच पर जगह मिलेगी। वहीं सिंधी समाज से जुड़े व्यापारी व अन्य भी मौजूद रहेंगे। बताया जा रहा है कि अब कई समाजों का स्वागत कांग्रेस मंच द्वारा करेगी। संभवतः चेटीचंड उत्सव का पहली बार कांग्रेस स्वागत गांधी भवन के नीचे कर रही है।

## वर्तमान एवं पूर्व सरपंचों सहित 11 प्रदेश पदाधिकारी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने वर्तमान एवं पूर्व सरपंचों के साथ इकाई में 11 प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की। इनमें सरपंच किशोर मंडलोई प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व सरपंच सुरेश पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष और मनोहर पटवारी प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व सरपंच मोहन जामलिया और रमेश जामलिया प्रदेश महामंत्री, अंकुश राठौर प्रदेश महामंत्री, सकलेन अंसारी प्रदेश सचिव, प्रवीण सूर्यवंशी प्रदेश सचिव, नरेन्द्र यादव सचिव, मनोहर तोमर सचिव, राहुल रत्नाकर प्रदेश सचिव नियुक्त किए गए।



## आरएसएस संघ प्रार्थना व हिंदी अनुवाद रिलीज़



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर मानव सेवा प्रकल्प 'संजय स्पंदन'द्वारा संघ की प्रार्थना और उसके हिंदी अनुवाद का वीडियो जारी किया गया। गुड़ी पड़वा पर कल इस वीडियो एवं पोस्टर का विमोचन किया गया। विनित नवाथे, डॉ. मुकेश मोढ़, प्रो. राजीव शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



## महिला सम्मेलन में मौजूद रही ताई

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** गुड़ी पड़वा के अवसर पर महिला सम्मेलन पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। चित्रा कुलकर्णी, सुजाता मोहिते,कविता गाडगिल, चित्रा विटवेकर, सुजाता फड़के, सुमित्रा गोखले आदि उपस्थित थी।







# वक्त सब कुछ छीन सकता है....

# स्टेट्स लगाकर सोए थे मनोज पुगलिया

## दूसरी रात भी नहीं सो पाए आसपास के रहवासी, बच्चे सहमे, नहीं हट रहा घटना का दृश्य




इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। ब्रजेश्वरी एनएक्स में बंगले में हुए अग्निकांड में 8 लोगों ने जान गंवा दी है। अब उनकी स्मृति शेष है, हर कोई उनसे जुडी बातें कर रहा है। घटन की रात जान गंवाने वाले परिवार के मुखिया मनोज पुगलिया ने वाटसअप स्टेटस लगाय था जिस पर लिखा था वक्त सब कुछ छीन सकता है...क्षेत्रीय लोग कल बीती रात भी नहीं सो पाए।

ब्रजेश्वरी एनेक्स में पुगलिया परिवार के घर में आग को लेकर कई वीडियो भी सामने आ चुके है, परिजन भी मीडिया के सामने घटनाक्रम सुना रहे है। आज परिजनों के बयान भी होंगे। इसी बीच मनोज पुगलिया का घटना वाली रात करीब 1 बजे लगा वाटसअप पर स्टेट्स भी सामने आया है। उनके स्टेट्स पर लिखा था वक्त सब कुछ छीन सकता है...मगर हुनर और मेहनत से मिली पहचान कभी नहीं छीन सकता। पुगलिया को भी नहीं पता था कि वक्त को कुछ ही मंजूर है। उनकी पहचान उनके नहीं रहने के बाद भी बनी रहेगी, उसे कोई नहीं छीन सकता, लेकिन उन्हें क्या पता था कि वक्त उनसे बहुत जल्दी सब कुछ छीनने वाला है। इधर घटना का भयावह दृश्य क्षेत्रीय लोगों की आंखों के सामने से नहीं हट रहा है, लोग घरों से बाहर झांक रहे है तो उनकी आंखें नम हो रही है। खासतौर पर बच्चे ज्यादा सहमे हुए है, उन्हें भी बीती रात नींद नहीं आई। घटनास्थल के समीप स्थित मल्टी में रहने वाली एक बच्ची को डरी सहमी होने के कारण बीमार हो गई। क्षेत्र में बिजली विभाग ने तो सप्लाय घटना के कुछ घंटे के बाद ही चालू कर दी थी लेकिन इंटरनेट की केबलें अब तक ठीक नहीं हुई है। एयरटेल का इंटरनेट पूरे क्षेत्र में बंद है जिससे रहवासी और कारोबारी परेशान हो रहे है।



## सिमरन के वीडियो से सोशल मीडिया भावभीन

सोशल मीडिया पर हादसे में जान गंवाने वाली पुगलिया परिवार की बडी बहू सिमरन का बीते माह देवर की शादी में किया गया डांस वायरल हुआ है, सोशल मीडिया पर सिमरन एक्टिव थी और वह खुश मिजाजी थी। सोशल मीडिया अकाउंट से अपनी हर खुशी साझा करती थी। सिमरन का डांस के अलावा 2 वर्ष पूर्व जन्मदिन पर डाला गया एक वीडियो और उसके साथ कहे गए शब्द सुन सोशल मीडिया पर लोग भावभीन नजर आए। इस वीडियो में सिमरन परिवार के साथ कैक काटते हुए नजर आ रही है और आई प्रामिस...में पूरी जिंदगी तुम्हारी हार्ड डिस्क में सिर्फ और सिर्फ अच्छी मेमोरी इंस्टाल करूंगा। 512 जीबी रैम की कसम तुम्हे कभी भी हैंग नहीं होने दूगा, दुनिया प्यार करती है मैं तुमसे पैयर करूंगा, वो भी ब्लूटूथ की तरह। जिंदगी में कोई भी मुसीबत आ जाए उसे मैंने एंटी वायरस से गुजरना पड़ेगा...शब्द गूंज रहे है, यह शब्द सुन लोग ज्यादा गमगीन हो गए, क्योंकि सिमरन की इस प्रकार असमय मौत और यह शब्द को जब लोग जोडकर देख रहे है तो उनकी आंखें नम हो रही है।

## कांग्रेस नेता रहे बंदियों के रोजा खुलवाने में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला जेल में भी बहुत सारे बंदी ऐसे हैं, जो मुस्लिम समाज से जुड़े हुए हैं, उनके लिए कांग्रेस नेताओं ने रोजा इफ्तार का कार्यक्रम आयोजित किया। सरफराज अंसारी, नासिर खान ने बताया कि कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी में बंदियों के लिए रोजा इफ्तार कार्यक्रम आयोजित हुआ और उद्बोधन में उन्हें अच्छे आचरण करने का संकल्प भी दिलाया गया।



# निगम में किराये के फायर वाहन के नाम पर लाखों का घोटाला -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

### निगम ने खुद खरीदने के बजाए सालों से लगा रखे हैं किराये पर वाहन

**इंदौर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि इंदौर नगर निगम के द्वारा किराए के फायर वाहन के नाम पर लाखों रुपए का घोटाला किया जा रहा है। जो वाहन नगर निगम खुद खरीद सकता है उन वाहनों को कई सालों से मोटे किराए पर लगा रखा है।**

चौकसे ने बताया कि नगर निगम के द्वारा 10 फायर वाहन किराए पर लिए गए हैं। यह पिछले कई सालों से निरंतर रूप से किराए पर लेकर चलाए जा रहे हैं। इन वाहन में से हर वाहन का एक महीने का किराया इंदौर नगर निगम के द्वारा 1लाख रुपए चुकाया जा रहा है। जो वाहन किराए पर लिए गए हैं उनकी हकीकत में कीमत मात्र 32 लाख रुपए है। ऐसे में नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा महापौर पुष्यमित्र भार्गव के निर्देशन में उक्त वाहन मालिकों को वाहन की कीमत से ज्यादा राशि किराए के रूप में चुकाई जा रही है। चौकसे ने कहा कि नगर निगम के द्वारा जो 10 किराए के फायर वाहन लिए गए हैं उसमें से 4 वाहन तो रोज नगर निगम के कंट्रोल रूम के बाहर ही खड़े रहते हैं। यह सच है कि शहर में कहीं भी अग्नि दुर्घटना होने पर इन वाहनों की सबसे ज्यादा और प्रमुखता के साथ आवश्यकता होती है। ऐसे में नगर निगम इन वाहनों को किराए पर लेने के बजाय खुद खरीद सकता है। नगर निगम यदि यह वाहन खरीदना है तो वाहन मालिक से वाहन को किराए पर लेने में जो कमीशन का खेल होता है वह बिगड़ जाएगा। चौकसे ने मांग की है कि निगम के द्वारा किराए पर लिए गए फायर वाहन तत्काल प्रभाव से हटाए जाएं और उनके स्थान पर नगर निगम खुद नए वाहन खरीदने का कार्य करें।

# आज दोपहर अलविदा जुमा, कल ईद

### *आज चांद रात में होगी इबादत, बाजारों में भी होगी अलसुबह तक रौनक*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

वैसे तो पिछले शुक्रवार भी अलविदा जुमा पर नमाज अदा की गई थी। कल चांद नहीं दिखने के कारण 30 दिन के रोजे आज पूरे हो रहे हैं और संयोग से आज शुक्रवार है, इसलिए आज दूसरे शुक्रवार को भी अलविदा जुमा पर दोपहर की नमाज अदा की जाएगी। आज 30वां रोजा रखा गया है जो अच्छा माना जा रहा है। वहीं आज शाम कई जगह विशेष रोजा इफ्तार भी होंगे और रात को नमाज के बाद चांद रात की तैयारी होगी, इधर कई लोग आज भी मस्जिद में खुदा की इबादत करेंगे और इधर कल ईद होने के कारण मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों के बाजारों में शाम से लेकर रातभर और कल अलसुबह भी रौनक नजर आएगी। जमकर खरीददारी आज रातभर से लेकर अलसुबह तक होगी। कल सुबह फजर की नमाज अदा की जाएगी और फिर अलग-अलग मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों की मस्जिदों में अलग-अलग समय ईद की नमाज भी अदा की जाएगी और फिर नमाज अदा होते ही एक-दूसरे गले मिलकर मुबारकबाद भी दी जाएगी और फिर शिरखुरमा खाने का क्रम भी शुरू होगा। कल दोपहर से एक-दूसरे के घर ईद मिलने का क्रम भी शुरू होगा। मुख्य नमाज सदर बाजार, खजराना, छोटी ग्वालटोली, आजाद नगर ईदगाह में होगी, सारी मस्जिदों में अलग-अलग नमाज अदा की जाएगी, जिसके समय तय है।




## रामनाथ ठाकुर के सांसद बनने पर बधाई

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर को तीसरी बार राज्यसभा में पहुंचने पर जननायक कर्पूरी ठाकुर ओबीसी संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष वर्मा सेन ने बधाई भेजी है।



## पार्षद और भाजपा नेता रहे श्रीखंड वितरण में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सांवरिया धाम मित्र मंडल मूसाखेड़ी ने कल नववर्ष पर भगवान सांवरिया सेठ को भोग लगाकर प्रसाद के रूप में श्रीखंड का वितरण किया। ग्रुप के पार्षद मलखान सिंह कटारिया, कैलाश जोशी, रोहित पालीवाल, निलेश जोशी, जितेंद्र वर्मा, सूरज जोशी, सुभाष ठाकुर, पप्पू नेता, मनोज, रोशन, अक्षय, आकाश पंडित, विशाल, भावेश भाऊ ने श्रीखंड का वितरण किया।









## सुबह से मंदिरों में पूजन, शाम को रथ पर सवार रहेंगे आराध्य देव, झांकियां भी रहेगी शामिल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

आज सिंधी समाज बड़ा आयोजन रथ यात्रा के रूप में करने जा रहा है। आज सुबह से सिंधी समाज के आराध्य देव झूलेलालजी के जन्मोत्सव पर घरों में भी पूजन किए जा रहे हैं। वहीं मंदिर में भी आयोजन हो रहे हैं। चेटीचंड उत्सव समिति द्वारा अखंड ज्योति मंदिर छत्रीबाग पर 15 दिवसीय आयोजन किए गए, जिसमें अमर कथा और सिद्धान्त सागर का पाठ भी किया गया। आज शाम 5 बजे यह शोभायात्रा अखंड ज्योति मंदिर छत्रीबाग से शुरू होकर शहर के मध्य नृसिंह बाजार, खजूरी बाजार, राजवाड़ा, यशवंत रोड होते हुए सिंधी कालोनी पहुंचेगी। बड़ी संख्या में सिंधी समाजजन मौजूद रहेंगे। फूलों से सज्जित रथ पर भगवान झूलेलालजी के दर्शन श्रद्धालु करेंगे। यात्रा में 7 से अधिक झांकियां भी शामिल होंगी। सामाजिक, व्यापारिक और सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा 100 से अधिक मंच से रास्ते में स्वागत भी किया जाएगा।

## सम्पत्तिकर में अवैध और ग्रीन बेल्ट कालोनी को अलग-अलग करें

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने कहा कि नगर निगम को सम्पत्ति कर निर्धारण में आवासीय और व्यवसायिक दरों के अलग-अलग करने के साथ अवैध कालोनियों और ग्रीन बेल्ट की कालोनियों को अलग-अलग निर्धारण करना चाहिए। स्टाम्प ड्यूटी निर्धारण लिफ्ट आधार पर खत्म हो, वहीं बहुमंजिला भवन में तीसरी मंजिल तक की छूट की गणना है। व्यवसायिक इमारत पर छठी मंजिल तक की गणना है। नगर निगम को सम्पतिकर निर्धारण में गाईडलाइन की विसंगतियों के कारण गफलत होती है। अतः विसंगतियों को दूर किया जाए। विकसित एवं अविकसित दरों में अंतर हो ताकि सम्पतिकर निर्धारण में सहूलियत हो। डायवर्सन, आवासीय व्यवसायिक औद्योगिक है तो दरें अलग-अलग हो, स्ट्रक्चर तक निमार्ण हैं तो छूट मिलें ताकि नगर निगम सम्पतिकर, नक्शा समयावधि आदि से संबंधित दस्तावेज मिलें, नगर निगम स्ट्रक्चर पर सम्पतिकर निर्धारण नहीं करती है। पेड़ पौधे होने पर मुल्य वृद्धि ना हो। मुख्य मार्ग एवं अंदर के भाव भी अलग-अलग हो, सम्पतिकर निर्धारण में सहूलियत होगी।

## जैन सामाजिक संसद के दोनों अध्यक्षों और महामंत्री का होगा सम्मान

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। पंच लश्करी गोठ रामाशाह, मोदी जी की नसिया मन्दिर एवं विहर्ष सागर भक्त मंडल द्वारा 22 मार्च रविवार की रात्रि 8 बजे मोदीजी की नसिया बड़ा गणपति के समीप स्वागत समारोह आयोजित किया गया है। इसमें सामाजिक संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनन्द गोधा और एक और सामाजिक संसद के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल, महामंत्री देवेन्द्र सोगानी का सम्मान किया जाएगा। बड़ी संख्या में दिगम्बर जैन समाजजन मौजूद रहेंगे।



## जल ही जीवन का आधार संस्कृति का अभिन्न अंग-मुख्यमंत्री

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा कि जल के बिना कोई भी पूजा-पाठ पूर्ण नहीं माना जाता है और जल ही जीवन का आधार है। हमारी सृष्टि की उत्पत्ति भी जल से ही मानी गई है। भगवान विष्णु का प्रथम अवतार मत्स्य अवतार भी जल से ही प्रारंभ होता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य बिना भोजन के कुछ समय जीवित रह सकता है, लेकिन जल के बिना जीवन संभव नहीं है। इस वर्ष यह अभियान 139 दिनों तक चलेगा, जिसमें प्रदेशभर में लगभग 2500 करोड़ रुपये के कार्य किए जाएंगे। यह अभियान गुड़ी पड़वा से गंगा दशमी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिन प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता दी गई है, उनमें नए तालाबों का निर्माण, पुराने तालाबों का पुनर्जीवन, कुएं और बावड़ियों की मरम्मत, नहरों का निर्माण और सुधार, सूखी नदियों का पुनर्जीवन तथा भू-जल पुनर्भरण के लिए संरचनाओं का निर्माण शामिल हैं। प्रदेश के 10 हजार से अधिक चेक डेम और स्टॉप डेम के संधारण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। पेयजल की गुणवत्ता और स्वच्छता के कार्यों पर भी ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान जनप्रतिनिधि और राजनेता मौजूद थे।

## गाइड लाइन को लेकर लग रही है आपत्तियां

### रिटायर्ड निगम अधिकारी और प्रापर्टी ब्रोकर एसोसिएशन ने जताया विरोध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

जिला मूल्यांकन समिति के संयोजक और अध्यक्ष के समक्ष आगामी प्रस्तावित गाइड लाइन को लेकर आपत्ति दर्ज कराई जा रही है। नगर निगम के पूर्व अधिकारी ने आपत्ति ली और कहा कि क्या गाइड लाइन से कम कीमत पर रजिस्ट्री स्वीकार करने की व्यवस्था है। क्या रजिस्ट्रेशन एक्ट का नियम पालन होता है। क्या गाइड लाइन में मूल्य निर्धारण खातिर भाव किधर से आए हैं, मूल्य निर्धारण दिशा-निर्देश का उल्लंघन क्यों किया जा रहा है। तो फिर आधार प्राकृतिक न्याय सिध्दांत विपरीत क्यों। निर्माण लागत क्या धनाढ्य वर्ग तथा गरीब वर्ग के मकान की एक समान आती है क्या शीशम सागौन एवं बबूल, नीम की लकड़ी का एक भाव है। स्ट्रक्चर एवं पूर्ण निर्माण में अंतर क्यों नहीं, असिंचित भूमि एवं सिंचित भूमि में अंतर क्यों नहीं व्यवसायिक एवं आवासीय दर एक समान क्यों, लिफ्ट निजी नहीं अपितु सभी खातिर तो उस आधार पर छूट खत्म क्यों, कालानी नगर एवं धर्म राज कालोनी का भाव एक समान कैसे क्या धर्म राज कालोनी अवैध है पता नहीं, इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारी ने गाईडलाइन पर आपत्ति ली मतलब सही है कि भाव अनुचित है। वहीं प्रापर्टी ब्रोकर एसोसिएशन ने भी कल आपत्ति ली और कहा कि ग्रीन बेल्ट की और गंदी बस्ती की गाइड लाइन में खर्च का अन्तर आता है। वहीं रजिस्ट्री डायवर्सन शुल्क, टीएनसी, कालोनी निर्माण सर्टिफिकेट, रेड़ क्रास सोसायटी दान, स्टाम्प, डेवलपमेंट अनुबंध लेख, स्टाम्प ड्यूटी फिर कालोनी पूर्णतया सर्टिफिकेट फिर बंधक विमुक्ति याने एक संपत्ति पर 18% से अधिक स्टाम्प ड्यूटी मप्र में ली जाती है। डायवर्सन शुल्क विधुत मंडल आदि डेवलपमेंट शुल्क आदि अलग जब कालोनी बनती है तभी प्लाट धारकों व्दारा प्लाट खरीदने का करार किया जाता है। रैरा आदि अनुमति मिलने के बाद रजिस्ट्री होती है। खरीददार फिर स्टाम्प ड्यूटी 12.5 या 10.5% देता है लोन लेने पर अलग ड्यूटी अर्थात सरकार 30ज्से अधिक स्टाम्प ड्यूटी ले चुकी है। अवैध कालोनियों और ग्रीन बेल्ट, गंदी बस्तियों की सूची अलग होना चाहिए। वैध कालोनी निर्माण करने में खर्च आता है। एसोसिएशन ने आपत्ति ली कि हर साल गाइड लाइन के दाम बढ़ाकर शासन क्या साबित कर रहा है। अवैध कालोनी में कोई रोक नहीं होती है। वहां भी कानून को धता बताकर विकास कार्य करवाए जाते हैं, फिर दोनों समानता क्यों। इधर रियल एस्टेट प्रापर्टी ब्रोकर एसोसिएशन भी आज गाइड लाइन को लेकर आपत्ति दर्ज कराएंगे।

**आज बादल बन सकते हैं बूंदाबांदी भी हो सकती है**

## कल से मौसम होगा साफ

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। ग्वालियर क्षेत्र और दिल्ली क्षेत्र में बरसात का असर जमकर है और उसका प्रभाव कल रात इंदौर में भी दिखा और आज भी मौसम में बार-बार बादल बनते रहेंगे, धूप निकलती रहेगी मौसम विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि आज कहीं-कहीं बूंदाबांदी भी हो सकती है, हवाएं भी चल सकती है, कल मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा। अभी कुछ दिन मौसम में गर्मी कम रहेगी, सूर्य के प्रभाव के चलते बाद में गर्मी बढ़ेगी।

## पहचान छुपाकर की दोस्ती, नाबालिग का मामला थाना तक पहुंचा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। खुड़ैल थाना क्षेत्र के स्कूल की 10वीं की नाबालिग छात्रा से नाबालिग छात्र ने नाम छुपाकर दोस्ती की। दोस्ती के बाद डरा धमकाकर दबाव बनाया गया और 11वीं का छात्र 10वीं की छात्रा को प्रताड़ित करता रहा। आरोपी छात्रा के घर पहुंच गया और वहां दरवाजा बंद कर अश्लील हरकतें की। छात्रा ने अपने पिता को फोन कर घर बुलवाया, जब तक आरोपी फरार हो गया। इस मामले में क्षिप्रा, सांवेर विहिप के अमित माहेश्वरी और पंकज पाटीदार भी छात्रा परिजन के साथ खुड़ैल थाना पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।





## मॉक ड्रिल के बाद फ्लेग मार्च

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। आम्बेडकर नगरी महू के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ललितसिंह सिकरवार ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मॉक ड्रिल भी की और मानपुर, बड़गोंदा, किशनगंज, सिमरोल, महू का और वाहिनी का बल साथ लेकर मॉक ड्रील के बाद फ्लेड मार्च भी लम्बे क्षेत्र में निकाला।

# 24 घंटे में निपानिया तालाब को नगर निगम की टीम ने सीएम के कार्यक्रम योग्य बनाया

## तालाब के आसपास गड्डे जंगली झाड़ियां, और फैला हुआ था कचरा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी इंदौर को नंबर वन बनाने के लिए ऐसे ही प्रसिद्ध नहीं हुए हैं। यह वह लोग हैं जो 24 घंटे में कचरे को सोना बना देते हैं, यह नगर निगम में सालों से होता आ रहा है जब से स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर निगम इंदौर शहर को सर्वश्रेष्ठ होने का अवार्ड दिलवा रहा है कई दिनों बाद नगर निगम कर्मचारियों का एक बार फिर निपानिया तालाब पर जलवा दिखाई दिया जिस तालाब के आसपास 24 घंटे पहले तक कचरा और ऊंची नीची जमीन थी उसको ठीक करके सीएम के जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम लायक बना दिया गया।

नगर निगम जनकार्य, स्वास्थ्य विभाग और जल यंत्रालय द्वारा मिलकर यह काम किया गया। लगभग 200 कर्मचारियों की टीम एक साथ 24 घंटे के लिए यहां लगाई गई। नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा झाड़ियां को हटाने और जमीन को समतल करने का काम किया गया। तालाब की पाल को मिट्टी डालकर सीएम के लिए ऊंचा स्थान बनाया गया जहां से तालाब में दूध अभिषेक किया जा सके। इसके अलावा तालाब के पानी में केमिकल मिलाकर साफ किया गया ताकि किसी प्रकार की गंदगी दिखाई नहीं दे। इसके अलावा तालाब के चारों ओर वॉल मिट्टी और पत्थर डालकर मजबूत करने का प्रयास किया गया हालांकि यहां रिटर्निंग वालों की जरूरत है।

इस्कॉन मंदिर के आसपास कॉलोनाइजर द्वारा ही अब तक सड़क बनाई गई है जो की अब टूट चुकी है जिन सड़कों से गुजरे वह टूटी हुई थी लेकिन इन पर सुधार किया गया।

निपानिया तालाब का जीर्णोद्धार पहले भी कई बार विभिन्न अभियानों के तहत किया जा चुका है अब एक बार फिर करोड़ों रुपए इस पर खर्च किए जा रहे हैं असर कितना होगा और कितना लाभ मिलेगा यह तो समय ही बताएगा लेकिन मुख्यमंत्री ने जिस तालाब से पूरे मध्य प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की है उसकी काया पलट तो हुई है साथ ही रह वासियों को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री के आने के बाद कॉलोनी की सड़क भी ठीक हो जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सड़के वैसे ही टूटी-फूटी रह गई। इधर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम खत्म होते ही नगर निगम कर्मचारी ने राहत की सांस ली क्योंकि सीएम ने कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई कमी या टीका टिप्पणी नहीं की इसीलिए सभी ने माना कि लगातार 24 घंटे तक इस कार्यक्रम स्थल को संवारने में लगी मेहनत सफल हुई। खासकर नगर निगम की टीम ने इसके लिए जमीन तैयार की।।

स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नगर निगम इस तरह के कई कार्यक्रम आयोजित पहले भी कर चुका है पंचकुइयां का नाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है यह पूर्व नगर निगम आयुक्त प्रतिभा पाल के समय वाटर प्लस सर्वे से पहले नाले की सफाई की गई और नाले में दंगल के साथ ही एमआईसी बैठक का आयोजन किया गया। इसके साथ ही कृष्णपुरा शिवाजी मार्केट पर आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव जब इंदौर आए तो एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कृष्णपुरा की नदी के पानी को साफ किया गया और पूरा आयोजन नदी के किनारो पर नगर निगम द्वारा किया गया। यह कार्य भी असंभव था जिसको नगर निगम ने संभव बनाकर एक भव्य आयोजन किया।



# मार्च में भी जुलाई जैसी बादलों की गड़गड़ाहट

## बड़ी नवरात्रि की रात में छोटी नवरात्रि जैसा नजारा

### *1 मिमी पानी गिरा तो 3.5 डिग्री लुढ़क गया पारा, तेज हवाएं चली तो बिजली ने दे दिया धोखा, रात के अंधेरे के साथ गर्मी में गुजारी*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

कल बड़ी चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हुई और कल मार्च की रात में जुलाई-अगस्त जैसा पानी का नजारा नजर आया। वहीं छोटी नवरात्रि जो सितम्बर में आती है उसका एहसास इस बड़ी चैत्र नवरात्रि मार्च में हो गया। कल रात पहले तेज हवाएं चली और फिर बादलों ने रात में डरावनी गड़गड़ाहट पैदा कर दी। हवा और बादलों की गड़गड़ाहट के बीच केवल एक मिली मीटर बरसात हुई और कुछ जगह ओले गिरने की सूचना भी मिली है, तेज हवा और हलकी बारिश से तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़क गया। इधर पानी गिरा और उधर बिजली ने भी साथ छोड़ दिया। कई घरों में पंखे बंद और अंधेरे में गर्मी का एहसास हो गया। भर मार्च के महीने में बिना मौसम बारिश का सिलसिला कल रात को चला। कल शाम से ही बादलों का बनना और मौसम में परिवर्तन बनना शुरू हो गया था और रात में जमकर गड़गड़ाहट बादलों की हुई और हवाएं भी तेज चली और मौसम में एकदम बदलाव नजर आया, जिससे रात के मौसम में ठंडक घुल गई, जिसका असर अलसुबह तक भी दिखा। कल रात लाइट बंद होने के बाद लोगों ने विद्युत मंडल फोन घनघनाएं, ज्यादातर जगह सुनवाई नहीं हुई। कुछ जगह सुनवाई हुई तो जवाब मिला कि थोड़ी देर में चालू करते हैं। मौसम विभाग के अनुसार 1 मिली मीटर से कुछ ज्यादा ही पानी गिरा, जिसके तादाद ज्यादा नहीं थी, लेकिन तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 33.6 डिग्री सेल्सियस हो गया। जबकि न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 15 डिग्री सेल्सियस हो गया। हवा की गति 42 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़कर 41 किलोमीटर प्रति घंटा पर पहुंच गई। आज सुबह भी तापमान में परिवर्तन का असर नजर आ रहा था। कल सुबह जहां तापमान



23.5 डिग्री सेल्सियस था वही आज सुबह यह गिरकर 20.8 डिग्री सेल्सियस हो गया। सुबह के समय पर हवा की गति 23 किलोमीटर प्रति घंटा की बराबर बनी रही।

## महिला सुरक्षा जागरूकता

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** महू के ग्राम गांगलियाखेड़ी गार्डन में पर्यटन स्थल पर महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। टीआई प्रकाश वास्कले और उनकी टीम ने मार्गदर्शन दिया। उपनिरीक्षक डाबर मैडम ने भी महिला हिंसा, अत्याचार, सुरक्षा पहलू पर प्रकाश डाला। राजेन्द्र कुमार, जनक अनुपसिंह पटेल, हरिसिंह सिसोदिया, मोहन सिंह पटेल, सुरेश बागाना, दीपकसिंह पटेल, रूपाली अनसुले, नितेश यादव ने अपनी भूमिका निभाई।



# मेट्रो ट्रेन के संचालन का दूसरा फेस शुरू होने की उलटी गिनती शुरू

**सीएमआरएस की टीम के द्वारा रिपोर्ट देकर ग्रीन सिग्नल दिए जाने का इंतजार**

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मध्य प्रदेश में सबसे पहले इंदौर शहर में मेट्रो ट्रेन के संचालन का दूसरा चरण शुरू होने के लिए उलटी गिनती शुरू हो गई है। इसके लिए अब सीएमआरएस की टीम के द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद उनकी रिपोर्ट का इंतजार है। इस रिपोर्ट के माध्यम से ग्रीन सिग्नल मिलते ही मेट्रो ट्रेन सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहा तक आना शुरू हो जाएगी।

इंदौर की मेट्रो ट्रेन को गति देने की दिशा में राज्य सरकार के द्वारा भरपूर रुचि ली जा रही है। यही कारण है कि अब तक सुपर कारीडोर के 5 स्टेशन पर चल रही मेट्रो ट्रेन को अब रेडिसन होटल चौराहा तक चलाया जाएगा। इतनी दूरी में इस ट्रेन को चलाने के लिए लाइन बिछाने, स्टेशन बनाने से लेकर सारे सुरक्षा के प्रबंध करने तक की तैयारी पूरी कर ली गई है। नियम के अनुसार ट्रेन को चालू करने से पहले सीएमआरएस के द्वारा जांच की जाना जरूरी होता है। इस आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए दिल्ली से सीएमआरएस की टीम के द्वारा इंदौर आकर चार दिन तक दौरा कर लिया गया है। अब यह टीम वापस लौट चुकी है। यह टीम इंदौर में मेट्रो का संचालन करने के लिए की गई व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आई। इस टीम के द्वारा निरीक्षण के दौरान जो छोटी-मोटी कमी बताई गई उन्हें पूरा करने की दिशा में उसी समय पर मध्य प्रदेश मेट्रो कंपनी लिमिटेड के द्वारा काम शुरू कर दिया गया। इस चलते हुए काम को भी दिल्ली से आया दल के द्वारा देख लिया गया। दल ने इस बात पर संतोष जताया था कि इंदौर में मेट्रो का संचालन करने के लिए आमतौर पर की जाने वाली तैयारी से ज्यादा और बेहतर तैयारी की गई है। रेल को चलाने से लेकर ब्रेक लगने और अलग-अलग स्थान पर रेल के रुकने की व्यवस्था तक का जायजा इस टीम के द्वारा लिया गया है। टीम ने यह भी देख लिया है कि इस दूसरे चरण का संचालन शुरू करने पर नागरिकों को कितनी सुविधा किस तरह से मिल सकेगी।

अब इस टीम के द्वारा रिपोर्ट दिए जाने का इंतजार किया जा रहा है। इस रिपोर्ट के माध्यम से यह तीन मेट्रो ट्रेन का दूसरे चरण का संचालन शुरू करने के लिए ग्रीन सिग्नल देगी। जैसे ही यह ग्रीन सिग्नल मिलेगा वैसे ही ट्रेन का संचालन शुरू हो जाएगा। अब इसके लिए उलटी गिनती शुरू हो गई है। मेट्रो ट्रेन के अधिकारी भी इस दूसरे चरण को हकीकत में आकार देने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। शहर के नागरिकों में भी ट्रेन का संचालन शुरू होने को लेकर उत्साह की स्थिति है। नागरिकों का मानना है कि यह ट्रेन शुरू हो जाएगी तो इस पूरे क्षेत्र में एक बड़ा और नया लोक परिवहन का साधन उपलब्ध हो सकेगा। अभी ट्रेन जिस क्षेत्र में चल रही है वहां पर नागरिकों के आने जाने का सिलसिला बहुत कम है। अब जिस क्षेत्र में चलाई जाएगी वहां पर उसे अच्छी संख्या में यात्री भी मिल सकेंगे।

# महर्षि गौतम के लगे शोभायात्रा में जयकारे



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने कल महर्षि गौतम जयंती पर गौतम आश्रम एरोड्रम रोड से हंसदास मठ तक निकाली शोभायात्रा में जमकर जयकारे लगाए। मठ पर महर्षि गौतम अवार्ड सम्मान आयोजित किया गया।

# उड़ान ग्रुप ने ली शपथ




इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। उड़ान ग्रुप के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नए वर्ष के कार्य को लेकर शपथ ली। प्रीति विनेक पाण्डया, टीना पाटनी, रजनी पवैया को शपथ नीलेश वेद ने दिलाई। विनय बाकलीवाल, साधना भंडारी, अनिल जैनको, अजीत ललवानी, सिद्धि रावका, तनीषा डागा, विजया जैन, टीना पाटनी मौजूद थे।



# कलश यात्रा में मौजूद रहे रघुवंशी समाजजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रघुवंशी समाजजन भगवान श्रीराम की 9 दिवसीय कथा का आयोजन श्रीराम मंदिर रघुवंशी कालोनी मरीमाता पर रामकिशोर महाराज के मुखारबिंद से रोजाना दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक करा रहे है। इसकी कलश यात्रा निकाली गई। बडी संख्या में रघुवंशी समाजजन मौजूद रहे।

# एम के जैन को लाइफ टाइम एचिवमेंट अवार्ड

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। स्वर विज्ञान में, चंद्र नाड़ी और सूर्य नाड़ी दो महत्वपूर्ण अवधारणाएं हैं जो हमारे शरीर की ऊर्जा को प्रभावित करती हैं। चंद्र नाड़ी बाएं नथुने से जुड़ी होती है, जो ठंडक और शांति की ऊर्जा को दर्शाती है, जबकि सूर्य नाड़ी दाएं नथुने से जुड़ी होती है, जो गर्मी और ऊर्जा को दर्शाती है। श्री जैन प्राच्यविद्या अनुसंधान संगठन के तत्वावधान में हॉटल में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि हरिओम जोशी एवं मनोज जैन नेअपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर विज्ञान के अनुसार, जब चंद्र नाड़ी सक्रिय होती है, तो व्यक्ति अधिक शांत, आरामदायक और रचनात्मक होता है, जबकि सूर्य नाड़ी के सक्रिय होने पर व्यक्ति अधिक ऊर्जावान, सक्रिय और तर्कसंगत होता है। इन नाड़ियों का संतुलन हमारे मानसिक



और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, इन नाड़ियों को नियंत्रित करके हम अपने मूड, ऊर्जा और स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। जब आप तनावग्रस्त महसूस करें, तो अपनी नाड़ियों पर ध्यान दें! इस अवसर पर श्री दुर्गा अनुसंधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हरिओम जोशी, राष्ट्रीय महामंत्री आलोक जैन, डॉ मनीषा चेलावात, विक्रम टोंग्या ने शाकाहार एवं नशामुक्ति सेवा मे संलग्न ज्योतिषाचार्य एम के जैन को लाइफटाइम एचिवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुषमा जैन, ज्योति जैन, श्वेता जैन उपस्थित थी संचालन पंकज जैन ने किया एवं अर्चना राजवाल ने आभार माना।

# मारवाड़ी महिला संघ ने गाए गणगौर गीत



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। अ.भा. मारवाड़ी संघ ने महिला सम्मेलन के आयोजन में फाग उत्सव, गणगौर उत्सव मनाया। बाना निकाला गया, सोलह श्रृंगार महिलाओं ने किए, जीवन साथी के नाम से दोहे बोले गए, गीत गाए, फूलों की होली खेली। स्वाति अग्रवाल, मंजू सोनी, निशा विजयवर्गीय, शकुंतला खंडेलवाल, पदमा कोठारी, मंजुला भूतड़ा, सूचित्रा गांधी, राजश्री जैन मौजूद थी।

## सिंधी महिलाओं ने सिर पर बहराणा साहिब रख निकाली यात्रा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हिन्दू संस्कृति मंच द्वारा स्वामी गोविंदधाम झूलेलाल मंदिर से 101 महिलाओं ने सिर पर बहराणा साहिब रखकर यात्रा निकाली, मंगल कामनाएं भी की गई, नरेश फुंदवानी ने बताया कि भजन गायकों ने सिंधी भजनों की प्रस्तुति दी। कल रात 12 बजे भगवान झूलेलालजी के जन्मोत्सव पर केक भी काटा गया। राजनेता भी शामिल हुए।



# परशुरामजी के भक्तों ने किया हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। परशुराम सेना के बैनर तले भगवान परशुरामजी के भक्तों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ सांई मंदिर मालवा मिल पर किया। पूर्व विधायक संजय शुक्ला, अनूप शुक्ला, हरीश विजयवर्गीय, प्रकाश शर्मा, गौमत तिवारी, विजेन्द्र दीक्षित, अनिल तिवारी, शुभम पाण्डेय, आरती मिश्रा, नंदिता शर्मा, दीपक शुक्ला, मोनेश जोशी, दीपक शर्मा, प्रबोध महोदय, संदीप शर्मा, मयंक व्यास, मनीष तिवारी, विनीत पांडे, योगेश दुबे, जितेंद्र दुबे, निर्भय खंडेलवाल, नीरज देसाई, अविचल विजयवर्गीय मौजूद थे।

# खंडेलवाल महिलाओं ने मनाया उत्सव

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। खंडेलवाल स्मार्ट लेडीज सोशल ग्रुप द्वारा गणगौर उत्सव पारम्परिक परिधानों में सजधज कर मनाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। सीमा खंडेलवाल, तनुजा खंडेलवाल, शिवानी धामनी, सुनीता बड़गौती, श्वेता धामनी, निधि कूलवाल, नीलू राजोरिया मौजूद थी।





# परशुरामजी मंदिर के लिए भूमिपूजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हंसदास मठ प्रांगण बिजासन रोड पर भगवान श्री परशुरामजी के मंदिर बनाने के कार्य का भूमिपूजन कल किया गया। पवनदास महाराज ने बताया कि आयोजन में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाजजन, जिनमें मातृशक्तियां सहित रामचरणदास महाराज, पवनदास महाराज, अशोक चतुर्वेदी, पुष्पकुमार भार्गव, मनोज तिवारी, डीएस खड्डर, राजेंद्र उपाध्याय, महेन्द्र चतुर्वेदी, अरविंद दुबे, सुभाष पुराणिक, हेमेंद्र भार्गव, सुधीर उपाध्याय, आरके भार्गव, रामचंद्र दुबे, आशा दुबे, कमला द्विवेदी, विमला चतुर्वेदी, दिसा, विशाल चतुर्वेदी, रितेश उपाध्याय, सुरेश पाठक, राजेंद्र भंडारी, राकेश भार्गव, योगेश दुबे मौजूद थे।

# यादव समाजजनों ने किया गौमाता और भारत माता का पूजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। यादव समाज कोर कमेटी ने कल नववर्ष गुड़ी पड़वा पर बड़ा गणपति चौराहा पर गौपूजन और भारत माता का पूजन कर वंदना भी की। गुड़-धनिया का वितरण भी किया, अच्छे कार्य के संकल्प लिए गए। विनोद बिड़ला, दादू महाराज, गुलशन यादव, गोपालकृष्ण शास्त्री, राकेश यादव, मनीष निगम, डॉ. आरडी यादव, पुरुषोत्तम यादव, डॉ. रमन यादव, अशोक यादव,




डॉ. चंद्रजीत यादव, चेनसिंह यादव, अमरसिंह यादव, लखन यादव, शिवमूरत यादव, राजेश यादव, धुरंधर यादव, मुकेश यादव, संतोष यादव, गौरव यादव, राजेश यादव, संतोष यादव, रामकिशोर यादव, रमेश यादव, अखिलेश यादव, गिरीश वर्मा, मंजू यादव, अंजना यादव, ममता यादव उपस्थित हुए।



## रामद्वारा में रामचरित्र मानस का सामूहिक पारायण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। रामद्वारा छत्रीबाग में कल नवरात्रि से नौ दिनों का रामचरित्र मानस का सामूहिक पारायण सुबह 8 से 10.30 बजे तक शुरू हुआ, जो आज दूसरे भी जारी रखा।

# माहेश्वरी स्पोर्ट्स कमेटी कराएगी क्रिकेट टूर्नामेंट



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इंदौर माहेश्वरी स्पोर्ट्स कमिटी द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट इंदौर माहेश्वरी प्रीमियर लीग सीजन 4' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें डे और नाइट आईपीएल फार्मेट टूर्नामेंट होंगे जिसमें इन्दौर के माहेश्वरी की आठ टीम के 128 माहेश्वरी खिलाडियों को बोली लगाकर आक्शन के माध्यम से खरीदा जाएगा। प्रतियोगिता में इंदौर जिला ही नहीं मध्य प्रदेश के अन्य जिलों और तो और राजस्थान से भी खिलाड़ी भाग लेने आते हैं। इस बार टूर्नामेंट में सभी टीम 7 लीग मैच खेलेंगी और फाइनल रविवार 22 मार्च को होगा। आयोजन से राजीव बिनानी, संजय लोहिया, निशित बियानी, अभिजीत मंडोवरा, सौरभ बियानी,हर्ष तोतला, प्रेम डागा, अक्षय चांडक, हिमांशु कालानी, अनुज झंवर, अक्षत करवा, मयंक मालानी जुड़े है। आयोजन आज 20 से 22 मार्च तीन दिनों तक सुबह 7 बजे से रात्री 12 बजे तक आईसीसी क्रिकेट ग्राउण्ड कनाडिया रोड पर आयोजित किए जा रहे है। आज सुबह इसका शुभारम्भ हुआ। टीम विनोद काबरा, अर्थम माहेश्वरी (ए.म. राइडर्स), रवि माहेश्वरी, अनुज झंवर (बालाजी वेंचरो वॉरियर्स), सौरभ जाजू, रौनक बाहेती (कलर्स चैंपियंस), मंगलेश राठी, नीरज जखेटिया (एलवी नाइट राइडर्स), तुषार लड्डा, मधुर मूंदड़ा (आइस बॉल्स थंडर), गिरिराज काबरा, राहुल काबरा (काबरा इंडियंस), निशित बियानी, अंबर महेश्वरी (मेवरिक्स), योगेश जेठा, मयूर सोनी (योको टाइटंस) इस प्रकार है।

# सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाटक का हुआ मंचन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गांधी हाल में कल गुडी पड़वा पर भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन आयोजित किया गया। विक्रमादित्य की गौरव गाथा भी नाटक के माध्यम से बताई गई। अलग-अलग स्कूलों के छात्र भी पहुंचे थे। मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर



पुष्यमित्र भार्गव, विधायक महेन्द्र हार्डिया, कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त शिक्षित सिंघल, अपर आयुक्त श्री नरेंद्र नाथ पांडे, पार्षद राजीव जैन मौजूद थे।

# श्री राम प्याऊ का शुभारंभ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। क़ल गुडी पडवा पर पंच प्यारे मित्र मंडल संस्था ने लिंबोदी, खंडवा रोड, गंगा चौपाटी एटीएम के निकट श्री राम प्याऊ का शुभारंभ किया। आरती अजय जायसवाल, संध्या, गायत्री देवी, संजय अग्रवाल, हेमराज बारोड, गणपतसिंह गौड, सुषमा त्रिवेदी मौजूद थे। राम स्तुति की गई। आरती, भजन और प्रसाद का आयोजन किया गया।





# हलवाई समिति ने जारी की नई रेट लिस्ट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

मां अहिल्या हलवाई समिति के अध्यक्ष अशोक महाराज तिवारी, उपाध्यक्ष बंगाली बाबू महाराज, बृजेश महाराज ने साधारण सभा में जानकारी दी कि हलवाई कारीगर को 1500 और मातृशक्ति को 500 हाजिरी देने का निर्णय लिया है। आगे इसी दर पर भुगतान किया जाएगा। इस दौरान भगत, राजू महाराज, अशोक महाराज, कपिल महाराज, चंदन महाराज, अन्नू बाई शर्मा, मोना बाई, शारदा बाई, कृष्णा बाई, धापू ने एक स्वर में इस नई दर को स्वीकार किया। महिला समिति की ओर से मंगला तिवारी ने आभार माना।

# हमले के विरोध में ज्ञापन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

उधमसिंह क्रांति सेना ने देपालपुर में रविदास समाज के सदस्य धर्मेन्द्र परिहार पर 3 मार्च को हुए जानलेवा हमले के बाद ठोस कार्रवाही नहीं होने और धमकियां मिलने से आक्रोषित संस्था और रविदास समाजजनों ने एसडीओपी देपालपुर एवं पुलिस अधीक्षक, जिला इंदौर को ज्ञापन दिया। आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस अवसर पर संतोष सिसोदिया, गोकुल कच्छावा, जगदीश मिस्त्री, कमल ठेकेदार, गोविंद सोलंकी उपस्थित रहे।



# रायल बंगलो सोसायटी में नव वर्ष आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रॉयल बंगलो सोसायटी, सुखलिया के अध्यक्ष महेन्द्र भाटिया ने बताया कि कल नव वर्ष गुडी पड़वा पर भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित किया गया। श्रीखंड का वितरण भी हुआ।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड इंदौर में वार्ड क्रमांक 84 एवं 85 की प्रस्फुटन समितियों द्वारा जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा, जल स्रोत एवं वृक्ष पूजन तथा संकीर्तन का आयोजन किया गया। योगिता पाटिल, सारिका पीसे, प्रवेश शर्मा, समिति सदस्य उपस्थित रहे।





# मक्का मदीना में की दुआएं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

खजराना से आशिफ़ शाह और गुड्डू उमराह के लिए रमजान के मुकद्दस पाकीजा माह मे मक्का मदीना पहुचे। वहां उन्होने देश, प्रदेश और इन्दौर की खुशहाली के लिए दुआएं भी की।

# माहेश्वरी संस्कृति पदाधिकारियों ने दिया भगवान को निमंत्रण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

माहेश्वरी संस्कृति द्वारा भागवत कथा महोत्सव 24 से 30 मार्च तक दस्तूर गार्डन में युवराज स्वामीजी श्री माधवप्रपन्नाचार्यजी, उज्जैन के श्रीमुख से आयोजित की जाना है। भागवत कथा का प्रथम निमंत्रण बड़ा गणपति एवं



रणजीत हनुमान मंदिर पर आग्रह पूर्वक दिया गया। जानकारी संयोजक मुनीश-किरण मालानी ने दी। ओमप्रकाश-विशाखा माहेश्वरी, श्यामसुंदर माहेश्वरी, विजय-उषा खटोड़, विवेक झंवर, मुरलीधर मोदी, मुकेश सारडा, सुभाष असावा, मनीष-कल्पना जाखेटिया, सूर्यकांत काबरा, दीपक-अर्चना भूतड़ा, शरद साबू आयोजन से जुडे है।

# टाइम्स फैशन वीक सीजन 4 का आयोजन होगा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एनआईएफ ग्लोबल इंदौर टाइम्स फैशन वीक अपने चौथे सीजन के साथ टाइम्स फैशन वीक का आयोजन 26 से 28 मार्च बायपास स्थित होटल पर करने जा रहा है। मशहूर डिजाइनर्स के कलेक्शन्स के साथ एनआईएफ ग्लोबल इंदौर के टैलेंटेड डिजाइनर्स के क्रिएटिव कलेक्शन्स को रैंप पर देश के टॉप मॉडल्स के साथ इंडस्ट्री के सितारे लेकर उतरेंगे। आयोजन के पहले दिन 26 मार्च को एनआईएफ ग्लोबल के 100 स्टूडेंट डिजाइनर्स के कलेक्शन रैंप पर होंगे, जिसे मिसेज यूनिवर्स 2024 निकिता कुशवाह शो स्टॉपर के रूप में रैंप पर लेकर उतरेंगी। इस दिन युवा प्रतिभाओं के अनूठे और क्रिएटिव डिजाइन्स फैशन प्रेमियों को देखने को मिलेंगे, जो फैशन की नई दिशा को दर्शाएंगे। 27 मार्च का सबसे खास आकर्षण शादी बाय मेरिएट होगा, जिसमें प्रसिद्ध डिजाइनर राजदीप रनावत के कलेक्शन रैंप पर प्रस्तुत किए जाएंगे। इस कलेक्शन की शो स्टॉपर अभिनेत्री शिवांगी जोशी होंगी, जो अपने अंदाज से रैंप की शोभा बढ़ाएंगी। तीसरा दिन 28 मार्च को सायशा शिंदे के एक्सक्लूसिव कलेक्शन रैंप पर प्रस्तुत किए जाएंगे, जिसे अभिनेत्री निधि अग्रवाल शो स्टॉपर के रूप में रैंप पर लेकर उतरेंगी। अंतिम दिन का यह समापन फैशन प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा।

# भगवान झूलेलाल ने की वरुण पंथ की स्थापना, सभी समुदाय के लोगों को दिया भाईचारे का संदेश-जेपी मूलचंदानी

आज ही नहीं बल्कि एक तरह से उस जमाने में भी धर्मातरण होता था, लेकिन किसी न किसी रूप में इस प्रलय को रोकने अवतार भी पैदा होते आए हैं। भगवान झूलेलाल जिसे वरूणावतार के रूप में भी देश व दुनिया में पूजा जाता है, ब्रम्हण, क्षत्री, वैश्य और शुद्र चारों वर्ण के लोग पूजा करते हैं। श्रीमद भागवत कथा में लिखा है कि जब जब पृथ्वी पर जुल्म अपनी पराकाष्ठा पर होगा तब तब भगवान किसी न किसी रूप में प्रकट होकर मनुष्य की रक्षा करेगा। भगवत कथा के ये शब्द भगवान झूलेलाल के अवतार से साकार हुए हैं। सन् 1007 वर्ष पहले राजा मिर्गशाह जिसकी सत्ता पर जोरदार पकड़ थी अपनी शक्ति पर अपार घमण्ड था। न केवल वह अपने राज्य का लगातार विस्तार करता जाता बल्कि उसने हिन्दुओं को धर्मांतरण के लिए भी बाध्य करना शुरू किया। मिर्गशाह बादशाह का जुल्म दिन प्रतिदिन बढ़ता गया जब उसका जुल्म लोगों की सहन शक्ति से बाहर हो गया तब संकट की इस घड़ी में लोग सिंधु नदी पर एकत्रित हुए और तय किया कि जब तक उसे मिर्गशाह बादशाह के जुल्मों से छुटकारा नहीं मिल जाता तब तक उपवास रखकर इन्द्र देवता की पूजा करेंगे। उपवास और आराधना के सातवें दिन रात के समय सिंधु नदी की लहरों पर पाले (मछली) पर सवार होकर वर्ण देव के रूप में प्रगट हुए। इसी समय आकाशवाणी हुई कि अत्याचारी बादशाह को खत्म करने वर्ण देव नसीरपुर शहर में भाई रतनराय के घर जन्म ले रहे हैं। यह पवित्र दिन 1007 के ठारू के दिन आया और जनता बेहद खुश हुई। इधर जैसे ही मिर्गशाह बादशाह को यह खबर लगी उसने भाई रतनराय के घर जन्मे बालक को उठा लाने का हुक्म दिया। राजा का मंत्री सुरक्षा अमले के साथ श्री रतनराय के घर पहुंचा और जैसे ही उसने बालक को उठाने का प्रयास किया वही बुरी तरह से डर गया और कुछ कदम पीछे हटकर गिर पड़ा। मंत्री को बालक के रूप में एक चक्रवर्ती सम्राट सिंहासन पर बैठा दिखा। मंत्री वहां से फौरन चला गया और सारा घटनाक्रम मिर्गशाह बादशाह को बताया। बादशाह अपने घमंड में चूर था इस कारण वह थोड़ा डरा जरूर लेकिन बालक को तत्काल गिरफ्तार करने का हुक्म दिया। बालक अंतरयामी था और मिर्गशाह बादशाह की सारी रणनीति को जानता था। इसी बीच जबरदस्त हवा चली और भगवान झूलेलाल का गुस्सा आग में बदलकर मिर्गशाह बादशाह के महल पर टूट पड़ा। इसे देखकर मिर्गशाह बादशाह बुरी तरह से डर गया और



**भगवान झूलेलाल चैटीचंड पर विशेष**

झूलेलाल के चरणों में झुककर अपने गुनाहों व अत्याचारों के लिए क्षमा मांगने लगा। सभी की पुकार सुनकर भगवान झूलेलाल का गुस्सा शांत हुआ और आग तथा तेज हवा भी शांत हो गई। बाद में उसी स्थान पर मिर्गशाह बादशाह ने आलीशान मंदिर का निर्माण करवाया। जहां तक वरूणदेव का नाम भगवान झूलेलाल पड़ने का सवाल है तो भाई रतनराय को बालक के जन्म के पूर्व झूले में झूलते हुए दर्शन हुए थे जिस कारण भी वरूण देव का नाम भगवान झूलेलाल पड़ा। भगवान झूलेलाल ने हिन्दु मुस्लिम एकता एवं भाईचारे का संदेश भी दिया

### मेलों का आयोजन

चूंकि यह पवित्र दिन चैत्र द्वितीया के दिन आया इस कारण भगवान झूलेलाल की पूजा चैटीचंड के रूप में भी की जाती है जिस दिन जहां भी भारत में सिंधी हिन्दू हैं वहां मेलों का आयोजन होता है इसके माध्यम से अपनी संस्कृति का भी प्रचार होता है। आज भले ही भारत के मानचित्र पर सिंध प्रदेश नहीं है परन्तु हमारे राष्ट्रीय गीत में उसका उल्लेख है। भगवान झूलेलाल ही वरूणदेवता है जिसका उल्लेख रामायण के सुन्दरकांड चौपाई में आता है। जब श्रीराम लंका पर चढ़ाई करने के लिए समुद्र पहुंचे और वहां सेतु बांधना था तब वरूण देवता बूढ़े ब्राह्मण के रूप में प्रगट हुए और भगवान श्री राम को नल एवं नील दो भाईयों की जानकारी दी जिनकी मदद से समुन्द्र में पुल बांधा और श्रीराम लंका पहुंचे।

### जल और ज्योति की पूजा

हिन्दू एवं सिंधी जल तथा ज्योति की भी पूजा करते हैं। वह इसलिए कि वरूणदेवता का अवतार भगवान झूलेलाल के रूप में सिंधु नदी पर मछली पर हुआ इस कारण जल की पूजा भी की जाती है। ज्योति आग का रूप लेकर मिर्गशाह बादशाह के महल पर टूट पड़ी इस कारण ज्योति की पूजा को भी प्राथमिकता दी गई है। हमारे झूलेलाल तथा उदेरोलाल वही वरूणदेवता हैं जिसको भारत के ग्रामों से लेकर शहर तक लोग कुल देवता के रूप में मानते हैं इनकी पूजा ब्रम्हण, क्षत्री, वैश्य और शुद्र चारों वर्ण के लोग करते हैं।

### सभी समुदायों के लोगो मे एकता का संदेश

मिर्गशाह बादशाह व्दारा अपने गुनाहों के लिए क्षमायाचना करने के बाद भगवान झूलेलाल ने सभी जाति धर्म के लोगो को एकता का संदेश दिया और सभी समुदायों को एक दूसरे के उत्थान एवं भलाई के लिए काम करने पर जोर दिया। जिस तरह भारत में सिंधी हिन्दू भगवान झूलेलाल की पूजा करते हैं उसी तरह पाकिस्तान में सिंधी मुसलमान जिंदहपीर के रूप में भगवान झूलेलाल की आराधना करते हैं। जिस प्रकार भगवान बुद्ध, महावीर, गुरूनानक देवक अवतार के रूप में पूजे जाते हैं उसी प्रकार भगवान झूलेलाल की भी अवतार के रूप में पूजा की जाती है।

## सुदर्शन नगर के 250 से ज्यादा रहवासियों को नव वर्ष पर मिली नई सड़क की सौगात



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 के अंतर्गत आने वाले सुदर्शन नगर क्षेत्र में रहवासियों की मांग पर पिछले दिनों विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद मलखान कटारिया के प्रयासों से सालों बाद नई सड़क की मंजूरी के बाद अब जाकर पिछले दिनों भूमि पूजन किया गया था। वहीं उसके बाद हाथों-हाथ निगम ने यहां काम भी शुरू करवा दिया था, ताकि नवरात्रि और हिंदू नव वर्ष की शुरुआत में वार्ड 51 के सुदर्शन नगर में सुगना बाई के घर से लेकर माता मंदिर तक नई चमचमाती सीमेंट सड़क की सौगात क्षेत्र के रहवासियों को जल्द से जल्द मिल जाए। पार्षद कटारिया का कहना है कि एक तरफ हिंदू नव वर्ष की शुरुआत और चैत्र नवरात्रि के दिनों में माता मंदिर तक की सड़क निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा करवाया जा रहा है ताकि नवरात्रि में माताजी के दर्शन करने वाले भक्तों को आने-जाने में परेशानी ना हो जिसको लेकर इन दिनों तेजी के साथ काम हो रहा है।

### नए वर्ष की शुरुआत में मिल रही नई सड़क से रहवासियों में दोहरी खुशी

*इधर, बड़ी बात यह है कि लोगों में इस बात को लेकर दोहरी खुशी है कि नए साल की शुरूआत गुड़ी पड़वा और चैत्र नवरात्रि शुरू होते ही सुदर्शन नगर में माता मंदिर तक नई सड़क की सौगात मिल रही है। जिसके तहत आधी से ज्यादा सड़क बनकर तैयार भी हो चुकी है। वहीं क्षेत्रिय पार्षद कटारिया ने बताया कि हमने नवरात्रि और नए साल के शुभारंभ से पहले सड़क बनाने के लिए पिछले दिनों ही यहां भूमि पूजन के बाद हाथों - हाथ निगम से सड़क निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया था। जिससे अब नवरात्रि की शुरुआत में आधी से ज्यादा सड़क बनकर तैयार हो जाने से क्षेत्र के रहवासियों में जबरदस्त खुशी है। लोगों का कहना है कि हमेशा याद रहेगा की चैत्र नवरात्रि में हमें कालोनी में नई सड़क की सौगात मिली है। यही नहीं इससे पूरे नौ दिनों तक माता मंदिर पर दर्शन करने आने वालों को कोई दिक्कत और परेशानी भी नहीं होगी। साथ ही आने वाले दिनों में बारिश के दौरान भी सालों बाद लोगों को कीचड़ और गंदगी से मुक्ति मिलने वाली है। इसको लेकर भी सुदर्शन नगर के रहवासीयों ने खुशी जताई है।*



## वर्ल्ड कप चौराहे पर लंबे समय से अधूरा लेफ्ट टर्न निर्माण और चौड़ीकरण कार्य

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** वर्ल्ड कप चौराहे पर बिगड़े ट्रैफिक को व्यवस्थित करने और जाम से मुक्ति के लिए निगम के यातायात विभाग द्वारा पिपलियाना चौराहे पर करीब दो तीन माह पहले लेफ्ट टर्न निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया गया था। हालत यह है कि लंबे समय से ठेकेदार द्वारा यहां खुदाई कर काम अधूरा छोड़ दिया है। यही नहीं इससे चौराहे पर से आने-जाने वालों को भारी दिक्कतें हो रही हैं। वहीं बताया जा रहा है कि निगम द्वारा ठेकेदार के अटके बिलों का भुगतान लंबे समय से नहीं किया जा रहा है जिसके कारण अब ठेकेदार ने लेफ्ट टर्न निर्माण के कार्य आधे-अधूरे शुरू कर अटका दिए है। कई जगह होली की छुट्टी के बहाने दोबारा काम ही शुरू नहीं किया जा रहा है। खुदाई के कारण मुख्य मार्ग पर रोजाना शाम के समय जाम से परेशानी हो रही है। निगम द्वारा पिपलियाना चौराहे पर संकरे लेफ्ट टर्न और ट्रैफिक में बाधक वर्ल्ड कप चौराहे के बगीचे की रोटरी को हटाने के बाद व्यवस्थित लेफ्ट टर्न का निर्माण किया जाना था। लेकिन हालत यह है कि इतने समय बाद भी पिपलियाना चौराहे पर लेफ्ट टर्न निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य लंबे समय से अधूरा है। जिसके कारण पिपलियाना चौराहे से रात-दिन आने-जाने वालों को दिक्कतें हो रही है। जबकि निगम ने वर्ल्ड कप चौराहे के बगीचे की पुरानी लंबी चौड़ी रोटरी तोड़कर लेफ्ट टर्न चौड़ीकरण और निर्माण का कार्य शुरू किया था ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिलें और मूसाखेड़ी की और से आने वाले वाहन चालक आराम से बिना रुके लेफ्ट टर्न से शिवाजी वाटिका की ओर निकल जाए, लेकिन लंबे समय से काम ही अधूरा है।

## शनिवार को भजन संध्या से होगी 'बड़े बालाजी मंदिर' में जन्म महोत्सव की शुरुआत

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** नवलखा स्थित प्राचीन बड़े बालाजी मंदिर पर शनिवार 21 मार्च को विशाल भजन संध्या प्रसिद्ध भजन गायक शिवम रावल और टीम द्वारा रात्रि 8 बजे होगी। मंदिर के पुजारी रवि शुक्ला ने बताया 27 मार्च श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में बड़े बालाजी का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। जन्म महोत्सव से पहले बाहर के कलाकारों द्वारा फूलों से विशेष सजावट की जाएगी। रौशनी के लिए मंदिर के भीतर से लेकर बाहर तक विशेष आकर्षक लाईटिंग से जगमगाहट की जाएगी।

**1 अप्रैल रात्रि 8 बजे से शुरू होगा महारुद्राभिषेक-** वहीं बाबा के जन्मोत्सव के मुख्य आयोजन के तहत 1 अप्रैल 2026 को रात्रि 8 बजे से महा रुद्राभिषेक विशेष ब्राह्मणों के द्वारा किया जाएगा। 2 अप्रैल श्री बड़े बालाजी महाराज का सामूहिक रूप से विशेष स्वर्ण श्रृंगार किया जाएगा फ्लावर डेकोरेशन एवं लाइट डेकोरेशन भी किया जाएगा शाम को प्रसादी वितरण किया जाएगा। भक्तों को सुलभ और आसानी से व्यवस्थित दर्शन हो उसके लिए मंदिर प्रबंधन के साथ भक्तजन दर्शन व्यवस्था में सहयोग करेंगे। महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग लाइन की व्यवस्था रहेगी ताकि भीड़ के दौरान धक्का मुक्की न हो और सभी श्रद्धालुओं को व्यवस्थित दर्शन करने का अवसर मिले।

**जन्मोत्सव के दिन तीन टाइम आरती, शाम को होगी भजन संध्या-** हनुमानजी महाराज के जन्मोत्सव के दिन बड़े बालाजी मंदिर में तीन टाइम की आरती होगी जिसमें सर्व प्रथम बाल्यकाल आरती प्रातःकाल 5:30 बजे से शुरू होगी। नियमित आरती सुबह 8:30 बजे से, संध्या काल आरती शाम 7:30 बजे से होगी। साथ ही जन्ममोत्सव की संध्या को शाम 7 से 10 बजे तक सुप्रसिद्ध भजन गायक पंडित सुधीर व्यास अपनी मधुर वाणी से बाबा की भक्ति में भजनों की प्रस्तुति मंदिर के पास स्थित माहेश्वरी मांगलिक भवन में देंगे।

## संपादकीय

# तेल और गैस ठिकानों पर हमलों से दुनिया में ऊर्जा संकट का खतरा

ईरान-इजराइल युद्ध में तेल और गैस संयंत्रों पर हमलों से वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। इससे भारत की गैस आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है और शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह चिंता गहरा रही है कि अगर इसका स्वरूप और बिगड़ता गया, तो आने वाले दिनों में संकट का दायरा ज्यादा व्यापक और गंभीर हो सकता है। सच यह है कि इजराइल और अमेरिका के ईरान पर साझा हमले के बाद अब युद्ध ने जो रुख अख्तियार कर लिया है, उसमें शांति की उम्मीद फिलहाल धुंधली लग रही है। हमले के क्रम में जिस तरह स्कूली बच्चों और आम लोगों तक की फिक्र नहीं की गई, उसे लेकर पहले ही अंतरराष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन के कई सवाल उठे हैं। अब हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमलों का निशाना अब दोनों पक्षों के तेल और गैस के वे ठिकाने बन रहे हैं, जिसका वैश्विक स्तर पर गंभीर असर पड़ेगा। खासतौर पर युद्ध के आगे बढ़ने के साथ-साथ खाड़ी के कई देशों में हालात बेहद जटिल होते जा रहे हैं। गौरतलब है कि इजराइल ने बुधवार को ईरान में स्थित दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस सुविधा केंद्र पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने गुरुवार को कतर के रास लाफान के ठिकाने को निशाना बनाया, जो वहां मुख्य तरल प्राकृतिक गैस को तैयार करने वाला मुख्य केंद्र है। ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच युद्ध की वजह से कच्चे तेल की आपूर्ति पहले ही कई स्तरों पर बाधित है और इसका स्वाभाविक असर इसकी कीमतों पर पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों के भीतर कच्चे तेल के दाम में तेज बढ़ोतरी और वैश्विक स्तर पर कमजोरी के रुख से शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई। एक ओर, बीएसई सूचकांक में करीब 2500 अंक की बड़ी गिरावट हुई, वहीं एनएसई निफ्टी 775 अंक लुढ़क गया। जून, 2024 के बाद इसे सूचकांक में एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट बताया गया है। इस तरह की स्थिति को कई बार अन्य कारकों से भी जोड़ा जाता है, लेकिन इस बार वैश्विक स्तर पर तस्वीर लगभग साफ है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच अब ऊर्जा के बुनियादी ढांचों या तेल एवं गैस संयंत्रों पर हमलों में तेजी के बाद कच्चे तेल के दाम में काफी उछाल आया है। इसका एक स्वाभाविक असर निवेशकों की धारणा पर पड़ा है, जिनके भीतर मौजूदा उथल-पुथल को लेकर एक तरह का असुरक्षाबोध पैदा हुआ है। दरअसल, जब से ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को रोका है, उसके बाद दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति भी बाधित हुई है। भारत जैसे कई देश इससे बुरी तरह प्रभावित हुए हैं और तेल तथा गैस के लिए वैकल्पिक स्रोतों की ओर देख रहे हैं। इस क्रम में भारत ने रूस से तेल खरीद बढ़ाई है। मगर अब पश्चिम एशिया के युद्ध में शामिल दोनों पक्षों की ओर से जिस तरह प्राकृतिक गैस का उत्पादन करने वाले केंद्रों और ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया जा रहा है, उससे संकट और ज्यादा गहराने की आशंका खड़ी हो रही है। जैसे-जैसे हमलों का स्वरूप जटिल होता जा रहा है, तेल और गैस की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो रही है। खासतौर पर कतर के रास लाफान पर हमले के बाद भारत को होने वाली प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित होने की आशंका है। जाहिर है, भारत को अब प्राकृतिक गैस की जरूरत के लिए आस्ट्रेलिया और रूस जैसे अन्य देशों की ओर देखना पड़ सकता है। मगर सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि अब प्राकृतिक गैस के रणनीतिक भंडारण के विकल्प को ठोस आकार देना होगा।

# मां के इलाज के लिए मांगे पैसे, मना किया तो लाठी-डंडों से पीटा

**इन्दौर।** पंढरीनाथ थाना क्षेत्र में बीमार मां के इलाज के लिए रुपयों की मांग को लेकर दो सगे भाइयों ने अपने ही बड़े भाई पर हमला कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि भाइयों ने अपने एक साथी के साथ मिलकर युवक को लाठियों और मुक्कों से लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना बीती रात करीब 8:30 बजे कबूतरखाना मस्जिद चौक की है। फरियादी हेमंत पिवाल अपने काम से लौटकर घर पर आराम कर रहा था। इसी दौरान घर में मां की तबीयत खराब होने पर उसके छोटे भाई मधु पिवाल और नोनू पिवाल ने हेमंत से इलाज के लिए तुरंत पैसों की मांग की। हेमंत ने भाइयों को समझाया कि अभी उसके पास पैसे नहीं हैं और सैलरी आने पर वह तुरंत दे देगा। बस इसी बात को लेकर दोनों छोटे भाई आपा खो बैठे और विवाद शुरू कर दिया विवाद के दौरान दोनों भाइयों ने अपने साथी करीम को भी बुला लिया और तीनों ने मिलकर हेमंत को घेर लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मधु और करीम ने हेमंत पर हाथ-मुक्कों से ताबड़तोड़ वार किए, जबकि नोनू ने पास ही रखी लाठी से हेमंत के सिर पर हमला कर दिया। मारपीट में हेमंत के नाक, सिर और दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई हैं और वह लहूलुहान हो गया।शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देख तीनों आरोपी वहां से भाग निकले। जाते-जाते आरोपियों ने हेमंत को सरेराह धमकी दी कि अगर दोबारा बीच में आया या पुलिस के पास गया, तो तुझे जान से खत्म कर देंगे।पंढरीनाथ पुलिस ने हेमंत की शिकायत पर मधु पिवाल, नोनू पिवाल और करीम के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मकान विवाद में महिला पर हमला,घर में घुसकर तोड़े सीसीटीवी कैमरे

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

**देपालपुर थाना** क्षेत्र में मकान के पुराने विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक महिला के घर पर दूसरी महिला ने धावा बोल दिया और न केवल तोड़फोड़ की, बल्कि घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर आरोपी महिला ने फरियादिया के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गई।

पुलिस के मुताबिक, घटना बीती दोपहर अरिहंत कॉलोनी, देपालपुर की है। फरियादिया पूजा परमार अपने घर पर मौजूद थी, तभी उनके घर के सामने रहने वाली आरोपी मनुबाई परमार वहां पहुँची। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से मकान को लेकर विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर मनुबाई ने घर के बाहर खड़े होकर अपशब्द कहना शुरू कर दिया।विवाद के दौरान आरोपी मनुबाई ने आपा खो दिया और पूजा के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को पत्थर या डंडे से मारकर तोड़ दिया। जब पूजा ने कैमरे तोड़ने और गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो आरोपी महिला घर के भीतर तक पहुँच गई और पूजा के साथ थप्पड़-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी।मारपीट के दौरान पूजा को चोट आई है। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, जिन्हें देख आरोपी मनुबाई वहां से भाग निकली।

# पुराने केस में राजीनामे के दबाव को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई को डंडे से पीटा

**इन्दौर।** राऊ थाना क्षेत्र के ग्राम रंगवासा में पारिवारिक विवाद और पुराने मुकदमे के राजीनामे को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। एक बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई पर डंडे से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आई मां और पत्नी के सामने भी आरोपी ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी भाई के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, घटना ग्राम रंगवासा की है। फरियादी रंजीत पिता मांगीलाल सोलंकी निवासी रंगवासा ने शिकायत दर्ज कराई कि बीती शाम करीब 5:00 बजे जब वह काम से लौटकर घर आया, तभी उसका बड़ा भाई रवि सोलंकी उसके घर के सामने पहुँचा। रवि ने रंजीत पर दबाव बनाया कि वह उनके बीच चल रहे पुराने कोर्ट केस में राजीनामा कर ले। जब रंजीत ने राजीनामा करने से साफ इनकार कर दिया, तो रवि आगबबूला हो गया और गालियां देने लगा।विवाद बढ़ने पर आरोपी रवि ने पास ही पड़ा एक लकड़ी का डंडा उठा लिया और रंजीत पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में रंजीत के बाएं पैर के घुटने, घुटने के नीचे, कमर और दोनों हाथों की भुजाओं पर गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर रंजीत की पत्नी पूजा सोलंकी और मां सुगन सोलंकी बाहर आईं और बीच-बचाव कर रंजीत को बचाया।परिजनों को इकट्ठा होते देख आरोपी रवि वहां से भाग निकला, लेकिन जाते-जाते उसने रंजीत को धमकी दी कि अगर तूने पुराने केस में राजीनामा नहीं किया, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# झूमाझटकी के बाद घर में घुसा चोर पकड़ाया

### सीढ़ियों के रास्ते दाखिल हुआ आरोपी, अलमारी से साफ किए जेवरात

**इन्दौर।** एमआईजी थाना क्षेत्र के नेहरू नगर में एक शातिर चोर को चोरी करना भारी पड़ गया। घर में घुसकर जेवरात पार करने के बाद आरोपी ऊपरी मंजिल पर महिला से झूमाझटकी कर रहा था, तभी शोर सुनकर पहुंचे गृहस्वामी और पड़ोसियों ने उसे धरदबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी की जेब से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना नेहरू नगर की है। फरियादी जितेंद्र पिता नाथूलाल जैन निवासी नेहरू नगर ने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी दीपक पिता गजराज सिंह मंडलोई निवासी मनावर, जिला धार, हाल मुकाम नेहरू नगर चोरी की नीयत से उनके घर में घुसा। आरोपी बाहर बनी सीढ़ियों के रास्ते ऊपर चढ़ा और गेट की कुंडी खोलकर घर के बीच वाले फ्लोर पर दाखिल हो गया।आरोपी दीपक ने कमरे में रखी लोहे की अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे एक जोड़ी चांदी के पायल, 4 नग बिछुड़ी, एक सोने की अंगूठी और एक आर्टिफिशियल बेन्टेक्स का रानी हार चोरी कर अपनी जेब में रख लिया। चोरी करने के बाद आरोपी और माल समेटने की नीयत से घर की ऊपरी मंजिल पर चला गया।ऊपरी मंजिल पर आरोपी जितेंद्र के किरायेदार विनोद सोनी के कमरे में घुस गया, जहां वह विनोद की पत्नी शिवा के साथ झूमाझटकी करने लगा। शिवा के चिल्लाने की आवाज सुनकर जितेंद्र तुरंत ऊपर पहुंचे। उन्हें देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की और जितेंद्र के साथ भी झूमाझटकी की। हालांकि, जितेंद्र ने हिम्मत दिखाते हुए उसे दबोच लिया और नीचे ले आए। शोर सुनकर आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए।मौके पर मौजूद लोगों ने जब आरोपी दीपक की तलाशी ली, तो उसकी जेब से जितेंद्र के घर से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात और रानी हार बरामद हो गया। सूचना मिलने पर एमआईजी पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस अब आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल रही है कि वह क्षेत्र में और कितनी वारदातों में शामिल रहा है।

# बाइक टकराने की बात पर मारपीट

**इन्दौर।** भंवरकुआं थाना इलाके के राहुल गांधी नगर में बाइक ठेले से टकराने की मामूली बात पर विवाद बढ़ गया, जहां दो युवकों ने मिलकर एक युवक के साथ मारपीट कर दी। आरोपियों ने हाथ-मुक्कों से हमला करने के साथ कड़े से वार कर उसे घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

पुलिस के मुताबिक घटना भोलेनाथ मंदिर के पास की है। फरियादी सन्नी पिता जगदीश निवासी राहुल गांधी नगर अपने वाहन से पहुंचा था, तभी उसकी मोटरसाइकिल मोहल्ले में रहने वाले सागर अंजले और शिवा अंजले के ठेले से टकरा गई। इसी बात को लेकर दोनों आरोपी गाली-गलौज करने लगे। फरियादी द्वारा विरोध करने पर सागर और शिवा अंजले ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान सागर अंजले ने अपने हाथ में पहने कड़े से फरियादी के सिर, कान और बाएं हाथ पर वार किया, जिससे उसे चोट आई और खून निकलने लगा। घटना के दौरान फरियादी के पिता जगदीश सावले ने बीच-बचाव कर उसे आरोपियों से छुड़ाया। घटना को आसपास मौजूद लोगों ने भी देखा। मारपीट के बाद दोनों आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए कि दोबारा उलझने पर जान से खत्म कर देंगे।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 150400 | 147827 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 240500 | 238069 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# राऊ क्रिकेट क्लब, देव्स् क्रिकेट एकेडमी एनसीए व श्रीराम क्लब सेमीफायनल में

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में अपेक्स क्लब द्वारा आयोजित एवं संजय लुणावत फाउण्डेषन द्वारा प्रायोजित प्रभा सुरेशचन्द्र लुणावत अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत राऊ क्रिकेट क्लब एवं एसएस कम्यून के मध्य क्वाटर फायनल मैच खेला गया जिसमें एसएस कम्यून ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35.2 ओवरो में सभी विकेट खोकर 125 रन बनाये, जिसमें अरस्तु चौधरी ने सर्वाधिक 20 रन बनाये वही राऊ क्रिकेट क्लब की ओर से सिध्दार्थ कुमार ने 4 व करण सोलंकी ने 3 विकेट लिए । जवाब में राऊ क्रिकेट क्लब की टीम ने 34.2 ओवरों में 3 विकेट खोकर 126 रन बनाकर सेमीफायनल में प्रवेष किया। राऊ क्रिकेट क्लब की ओर से पारस अग्रवाल ने सर्वाधिक 64 रनों का योगदान दिया।



**देव्स् क्रिकेट एकेडमी की आसान जीत–** इसी स्पर्धा के अंतर्गत आज एक अन्य मैच देव्स् क्रिकेट एकेडमी एवं स्टार क्लब के मध्य क्वाटर फायनल मैच खेला गया जिसमें देव्स् क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 212 रनो पर बनाए, जिसमें घनिष्ठ जसोदिया ने सर्वाधिक 68 रन एवं काव्यांश मालवीय ने 54 रनों का योगदान दिया वही स्टार क्लब ओर से अर्नव श्रीवास्वत ने 3 विकेट लिए । जवाब में स्टार क्लब की टीम ने 47 ओवरों में सभी विकेट खोकर 173 ही बना सकी और यह मैच देव्स् क्रिकेट एकेडमी 40 रनों से जीत कर सेमीफायनल में प्रवेष किया । स्टार क्लब की ओर से अर्नव श्रीवास्तव ने सर्वाधिक 43 रनों का योगदान दिया, वही देव्स् क्रिकेट एकेडमी की ओर से प्रणव चौहान ने 4 विकेट व आषय अग्रवाल ने 3 विकेट लिये ।





### एनसीए की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत आज एक अन्य मैच एनसीए एवं मास्टर ब्लास्टर के मध्य क्वाटर फायनल मैच खेला गया जिसमें मास्टर ब्लास्टर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 36.3 ओवरो में सभी विकेट खोकर 84 रनो पर सिमट गई, जिसमें आरव व्यास ने सर्वाधिक 20 रन बनाये वही एनसीए की ओर से अथर्व जैसवाल ने 4 विकेट लिए । जवाब में एनसीए की टीम ने 15.1 ओवरों में 5 विकेट खोकर 85 रन बनाकर सेमीफायनल में प्रवेश किया । एनसीए की ओर से अर्जुन शर्मा व जयदिप राठौर ने सर्वाधिक 22-22 रनों का योगदान दिया ।

### श्रीराम क्लब की आसान जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच श्रीराम क्लब एवं सीसीआई के मध्य क्वाटर फायनल मैच खेला गया जिसमें सीसीआई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 28 ओवरो में सभी विकेट खोकर 73 रनो पर सिमट गई, जिसमें प्रियांशु फौजदार ने सर्वाधिक 16 रन बनाये वही श्रीराम क्लब की ओर से मोक्ष जैसवाल ने 4 विकेट लिए। जवाब में श्रीराम क्लब की टीम ने 16.5 ओवरों में 5 विकेट खोकर 77 रन बनाकर सेमीफायनल में प्रवेश किया। श्रीराम क्लब की ओर से आरव ने सर्वाधिक 26 रनों का योगदान दिया।

## स्कूली विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को की तस्वीर भेंट

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूली विद्यार्थियों की उत्कृष्ट चित्रकारी प्रतिभा की सराहना की। निपानिया कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी ईशान भालसे एवं शिवा वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री का स्कैच सह तस्वीर बनाकर भेंट की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों विद्यार्थियों को अपने पास बुलाकर उनसे परिचय प्राप्त किया और उनकी कलात्मक प्रतिभा की प्रशंसा कर सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा को निरंतर निखारने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए दोनों को 11-11 हजार रुपये पारितोषिक स्वरूप प्रदान करने के निर्देश कलेक्टर शिवम वर्मा को दिए।

## आईपीएल शुरू होने से पहले ऋषभ का दिखा आक्रामक अंदाज

**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने गुरुवार को यूपी 20 लीग की टीम काशी रुद्रा के साथ अभ्यास मैच में अपने हाथ खोले। स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट अकादमी के मैदान पर एलएसजी बनाम केआर इलेवन अभ्यास मैच खेला गया, जिसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, आवेश खान और बल्लेबाज मुकुल चौधरी काशी रुद्रा के खिलाड़ियों के साथ खेले। जबकि कप्तान ऋषभ पंत दोनों टीमों से बैटिंग करने उतरे।

पहले बल्लेबाजी करने आई एलएसजी की टीम से ऋषभ पंत, अर्शीन कुलकर्णी और शहबाज अहमद ने आक्रामक पारी खेली। केआर इलेवन की ओर से मो. शमी, आवेश खान और मोहसिन ने अपनी स्विंग और बाउंसर से चकित किया। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत व मुकुल चौधरी और काशी रुद्रा के शुभम व अभिषेक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और मैदान के चारों ओर शॉट लगाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। एलएसजी की ओर से मयंक यादव, दिग्वेश राठी, शहबाज, अर्जुन ने बेहतरीन गेंदबाजी की। एलएसजी के खिलाड़ियों को खेलते देख अकादमी के नन्हें क्रिकेटर भी चीयर करने पहुंचे। कुछ खिलाड़ियों ने बच्चों को आटोग्राफ भी दिए और फोटोज खिंचवाई। टीम प्रबंधन के मुताबिक लखनऊ सुपर जायंट्स के सभी भारतीय खिलाड़ी पहले ही टीम से जुड़ चुके हैं, शुक्रवार से ओवरसीज खिलाड़ियों का आना भी शुरू हो जाएगा। इसके बाद अभ्यास में और तेजी आएगी। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम ने सोमवार से भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में अभ्यास शुरू कर दिया है। टीम के कप्तान ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज शमी उसी दिन लखनऊ पहुंचकर टीम से जुड़े और मंगलवार से अभ्यास सत्रों में शामिल हुए। एलएसजी आईपीएल में अपने अभियान की शुरुआत एक अप्रैल को इकाना स्टेडियम पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करेगी। आईपीएल 2026 सत्र में लखनऊ सुपर जाइंट्स भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत की कप्तानी में मैदान पर उतरेगी। ऋषभ पंत के साथ इस सत्र में एडन मार्करम, मिशेल मार्श, मोहम्मद शमी, आवेश खान, अब्दुल समद और अर्जुन तेंदुलकर जैसे कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ी भी टीम का हिस्सा हैं।

## मोहल्ले में रहना है तो दारू पिलानी पड़ेगी.. युवक पर हथियार से हमला

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

तुकोगंज थाना क्षेत्र में शराब के लिए रुपये न देने पर एक बदमाश ने युवक पर लोहे की नुकीले हथियार से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज लिया है। पुलिस के मुताबिक, घटना बीती रात करीब 9:30 बजे लाला का बगीचा बाबा रामदेव मंदिर के पास की है। जहां रहने वाला फरियादी सागर उर्फ भूरा अपने घर से दुकान पर सिगरेट लेने जा रहा था। इसी दौरान मोहल्ले का ही बदमाश गोलू उर्फ टुण्डा वहां पहुँचा और सागर का रास्ता रोक लिया। गोलू ने सागर से शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की।जब सागर ने रुपये देने से साफ इनकार कर दिया, तो गोलू गाली-गलौज पर उतारू हो गया। विरोध करने पर आरोपी ने अपने पास रखी लोहे की नुकीली वस्तु निकाली और सागर के माथे और बाएं हाथ के अंगूठे पर दे मारी। हमले में सागर को चोट आई और खून बहने लगा। विवाद बढ़ता देख वहां मौजूद ठेकेदार रामू पेंटर ने बीच-बचाव कर सागर को छुड़ाया।लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी वहां से भाग निकला, लेकिन जाते-जाते उसने चिल्लाकर धमकी दी कि अगर इस मोहल्ले में रहना है तो मुझे दारू पिलानी पड़ेगी, वर्ना अगली बार जान से खत्म कर दूँगा।तुकोगंज पुलिस ने सागर की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## 24 मार्च को विद्यारम्भ प्रमाण-पत्र वितरण एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत 5-6 वर्ष के बच्चों को प्राथमिक शाला में सहज रूप से प्रवेश दिलाने एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 'विद्यारम्भ प्रमाण-पत्र' वितरण एवं ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रदेशभर में एक साथ 24 मार्च को आयोजित होगा।

## ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज एलिस आईपीएल से पहले हुए चोटिल

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2026 से पहले बड़ा झटका लग सकता है। टीम के तेज गेंदबाज नाथन एलिस आगामी टूर्नामेंट से बाहर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज नाथन एलिस को जनवरी में बिग बैश लीग मैच के दौरान चोट लगी थी, जिसके बाद एलिस बिग बैश लीग के फाइनल्स से बाहर हो गए थे और अब उनकी रिकवरी में देरी हो रही है। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ के.एस. विश्वनाथन ने इसकी पुष्टि की है।

चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ काशी विश्वनाथन ने गुरुवार को एक कार्यक्रम के दौरान स्पोर्टस्टार से कहा, ''यह हमारे लिए एक बड़ा झटका है। एलिस एक महत्वपूर्ण गेंदबाज हैं, खासकर डेथ ओवर्स में। हम रिप्लेसमेंट की तलाश कर रहे हैं।'

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम पिछले कुछ सीजन में डेथ-ओवर्स स्पेशलिस्ट के तौर पर मथीशा पथिराना पर निर्भर थी लेकिन खराब प्रदर्शन के कारण टीम ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज को रिलीज कर दिया। इस बीच सीएसके के सीईओ विश्वनाथन ने यह भी बताया है कि विदेशी खिलाड़ी अगले कुछ दिनों में अभ्यास शिविर से जुड़ जाएंगे।

22 मार्च को चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स का एक रीयूनियन होगा, जिसमें फ्रेंचाइजी अपने कई पूर्व खिलाड़ियों को आमंत्रित कर रही है - जिनमें वे खिलाड़ी भी शामिल हैं जो




अभी दूसरी आईपीएल टीमों से जुड़े हुए हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के सीईओ कासी विश्वनाथन ने क्रिकबज को स्पष्ट करते हुए कहा, 'यह सीज़न के लिए केवल एक 'प्री-लॉन्च' और प्रशंसकों से जुड़ने का एक प्रयास है। इसमें इससे ज़्यादा कुछ भी नहीं है।' उन्होंने इस बात की पुष्टि की कि कई पूर्व खिलाड़ी - जिनमें ज़्यादातर भारतीय और वे खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने पिछले 16 सीजन में फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया है - इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

मौजूदा टीम और सपोर्ट स्टाफ के अलावा, लगभग 19-20 पूर्व खिलाड़ियों के इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स के अपने खास अंदाज में, यह कार्यक्रम एक भव्य आयोजन होने की उम्मीद है, जो एमए चिदंबरम स्टेडियम में शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक चलेगा; इसमें ऑस्कर विजेता संगीत निर्देशक एआर रहमान के प्रदर्शन के लिए एक विशेष हिस्सा भी रखा गया है।

सुपर किंग्स अपने आईपीएल 2026 अभियान की शुरुआत 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक 'अवे' मैच से करेंगे। उनका पहला घरेलू मैच 3 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ है। सीएसके लीग की सबसे लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में से एक है, जिसने पांच बार खिताब जीता है और उसके दिग्गज खिलाड़ी एमएस धोनी को आईपीएल के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है।

**इन्दौर नगर पालिक निगम**
**मोती तबेला झोन-32**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती प्राची पति श्री संदीप वाधवानी** द्वारा पंजीयन कार्यालय मोती तबेला निगम काउंटर झोन क्र. 32 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003122446 पता 57 आनंदा बीजलपुर इन्दौर के दर्ज नाम पर नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.32 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**मोती तबेला झोन-32**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# भुवी यॉर्कर से बाल बाल बचे कोहली

## आईपीएल शुरू होने के पहले चोटिल हो सकते थे

**बेंगलुरु।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल 2026 के लिए तैयारी शुरू कर दी है। कोहली कुछ दिन पहले ही फ्रेंचाइजी से जुड़े हैं। विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया और अब भारत के लिए सिर्फ वनडे में खेलते हैं, ऐसे में बड़े टूर्नामेंट से पहले वह अपनी तैयारी में कोई कमी नहीं छोड़ना चाहते और मुकाबले शुरू होने से पहले लय में आना चाहते हैं। विराट कोहली इस समय एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के साथ अभ्यास सत्र में हिस्सा ले रहे हैं। गुरुवार को बैटिंग प्रैक्टिस के दौरान उन्होंने तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार का सामना किया है। हालांकि इस दौरान वह चोटिल होने से बच गए।

गुरुवार को प्रैक्टिस सेशन का एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें भुवनेश्वर कुमार की एक यॉर्कर के आगे विराट कोहली सहमे हुए नजर आए। भुवी की गेंद लेग स्टंप की तरह आई, जिसे खेलने के बजाए विराट कोहली बचने की कोशिश करते हुए दिखे। हालांकि भुवनेश्वर के खिलाफ ही उन्होंने कई बड़े शॉट भी खेले। जोकि अन्य वीडियो में दिखा। विराट कोहली के लिए आईपीएल का पिछला सीजन (2025) न केवल व्यक्तिगत रूप से शानदार रहा, बल्कि उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए भी ऐतिहासिक रहा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल का पहला खिताब जीता और इसमें कोहली का अहम योगदान था।

आईपीएल 2025 में विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज रहे थे, जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए पिछले सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर रहे। कोहली ने 15 पारियों में 657 रन बनाए और इस दौरान



उन्होंने आठ अर्धशतक भी जड़े।

पिछले सीजन के दौरान वह आईपीएल इतिहास के पहले खिलाड़ी बने, जिन्होंने 8 अलग-अलग सीजन में 500 से अधिक रन बनाए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम रजत पाटीदार के नेतृत्व में टाइटल डिफेंड करने के इरादे से इस बार मैदान पर उतरेगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम 28 मार्च को अपने अभियान की शुरुआत करेगी। आरसीबी का आईपीएल 2026 में पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। बेंगलुरु के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार एक बार फिर टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का हिस्सा होने के बाद उन्होंने 14 मैचों में 17 विकेट लिए हैं।

### अंतर अकेडमी बैडमिंटन स्पर्धा 21 मार्च से

**इंदौर।** अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी और सरताज अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में अंतर एकेडमी बैडमिंटन स्पर्धा 21 मार्च से आयोजित की गई है । अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी, खंडवा रोड पर होने वाली इस स्पर्धा में 9,11,13,15और 17 वर्ष बालक और बालिका एकल वर्ग के मुकाबले होंगे । प्रविष्टियां 20 मार्च तक धर्मेश यशलहा और हर्ष सरग को दी जा सकती हैं। मुकाबले फेदर शटलकाकस से होंगे।

अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी और सरताज अकादमी मिनी, सब जूनियर और जूनियर खिलाड़ियों को बढ़ावा देने, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए ऐसी स्पर्धाओं का आयोजन प्रति माह करेगा । सरताज अकादमी प्रबंध निदेशक धर्मेश यशलहा ने बताया कि नारायण बाग बाल विकास केंद्र में सरताज अकादमी की 18 वीं परख लीग बैडमिंटन स्पर्धा भी होगी । अमेच्योर बैडमिंटन एकेडमी खंडवा रोड और सरताज अकादमी में ग्रीष्मकालीन जूनियर बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किए जाएंगे ।

# विराट और रोहित की तरह संजू का भी कोई रिप्लेसमेंट नहीं

**नई दिल्ली।** जिस तरह विराट कोहली और रोहित शर्मा को रिप्लेस कर पाना मुश्किल है, वैसे ही संजू सैमसन का भी रिप्लेसमेंट नहीं मिल सकताष्ठयह बयान राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने आईपीएल 2026 से पहले दिया है। आरआर इस बार नए कप्तान के अंडर खेलने वाला है क्योंकि उन्होंने अपने नियमित कप्तान संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स के साथ ट्रेड किया है। राजस्थान ने सैमसन के बदले रवींद्र जडेजा और सैम कुर्रन को अपनी टीम में शामिल किया है। हालांकि कुर्रन इस सीजन से चोट के चलते बाहर हो सकते हैं। संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स का पिछले एक दशक से हिस्सा थे, वहीं पिछले 5 सीजन उन्होंने टीम की कमान संभाली है, जिसमें से एक बार राजस्थान फाइनल तक पहुंचा था।

सैमसन के जाने से पैदा हुए खालीपन के बारे में बात करते हुए पराग ने कहा कि उनकी जगह लेना उतना ही मुश्किल है, जितना भारतीय टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों की जगह लेना।

रियान पराग ने जयपुर में प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा, अगर आप संजू भैया की बात करें, तो वह जिस तरह के खिलाड़ी हैं, उन्हें रिप्लेस करने के बारे में हम कभी सोचते भी नहीं हैं।

उन्होंने आगे कहा, हम शायद किसी ऐसे खिलाड़ी को ढूंढ सकते हैं जिसके पास वैसी ही काबिलियत हो, या फिर किसी और से उनकी जगह पर बैटिंग करवा सकते हैं। यह कुछ ऐसा ही है, जैसे विराट कोहली या रोहित शर्मा की जगह कोई नहीं ले सकता। ठीक उसी तरह, संजू भैया की जगह भी कोई नहीं ले सकता, क्योंकि वह इतने बेहतरीन खिलाड़ी हैं।'

सैमसन ने बतौर खिलाड़ी और कप्तान राजस्थान रॉयल्स के लिए काफी योगदान दिया है। हालांकि अब वह सीएसके लिए धमाल मचाना चाहेंगे। हाल ही में भारत ने जो टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है सैमसन उसमें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे। सैमसन ने सेमीफाइनल और फाइनल में 89-89 रनों की धमाकेदार पारियां खेली थी, जिसके दम पर भारत चैंपियन बना था।

# मध्य प्रदेश की निवेदीता तथा अद्विका मुख्य दौर में



**इंदौर।** टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा यूटीटी 87 वी. सीनीयर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्य टेबल टेनिस स्पर्धा में महिला एकल वर्ग में मध्य प्रदेश की बी निवेदीता, मोमिता पाल, अद्विका अग्रवाल, भव्या राव मुख्य दौर में पहुंच गई।

अभय प्रशाल में खेली जा रही राष्ट्रीय स्पर्धा में पुरुष एकल वर्ग के मुख्य दौर के मुकाबलों में आरबीआई के मानुष शाह ने उडिसा के तुषार चौहान को 3-0 से, पीएसपीबी के मानव ठक्कर ने मध्य प्रदेश के शिवम सोलंकी को 3-0 से, महाराष्ट्र कुशल चौपडा ने गुजरात के चित्रांश भट्ट को 3-1 से, तमिलनाडु के ई.प्रभाकरण ने महाराष्ट्र के रविन्द्र कोटियान को 3-0 से, तेलंगाना के बी. शंकर ने डीएंडी के मयूर केतके को 3-0 से, पंजाब के एच. सिंह ने राजस्थान के बी.यर्थाथ को 3-2 से, एएआई के सोहम मुखर्जी ने बंगाल के अरिजीत दास को 3-2 से, पोडीचेरी के के.कामराज ने मणीपुर के के.सिंह को 3-0 से बंगाल के अभिषेक मुखर्जी ने उत्तराखंड के द्रवांश गौतम को 3-2 से, आंध्रप्रदेश के पी.वी.मणीकुमार ने बंगाल के रूद्रनारायण घोष को 3-0 से, तेलंगाना के मों.अली ने डीएएससीबी के कौशिक देसकर को 3-0 से, बंगाल के अयान पाल ने हरियाणा के निकुंज को 3-2 से, गुजराज के जन्मजय पटेल ने राजस्थान के हर्ष श्रीवास्तव को 3-2 से, महाराष्ट्र के नील मुले ने आरबीआई के बालकृष्णन को 3-0 से, एफसीआई के समीर साहनी ने बंगाल के सोहम चक्रवर्ती को 3-0 से, कर्नाटक के रोहित शंकर ने गुजरात के रीयान दत्ता को 3-2 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया।

महिला एकल वर्ग के लीग मुकाबलों में मध्य प्रदेश की बी.निवेदीता ने दिल्ली की श्रेया लिमये को 3-1 से, मध्य प्रदेश की अद्विका अग्रवाल ने बंगाल की प्रियंका गांगुली को 3-1 से, आरएसपीबी की प्राप्ति सेन ने मध्य प्रदेश की आरना उपाध्याय को 3-1 से, उत्तर प्रदेश की श्रृष्टि जायसवाल ने मध्य प्रदेश की परमी नागदेव को 3-2 से, पंजाब क्रिश्चि अरोरा ने चंडीगढ की अंजली शर्मा को 3-1 से, उत्तर प्रदेश की विदुषी त्रिपाठी ने लद्दाख की सईदा बानो को 3-0 से, पंजाब की गुलशिन कौर ने चंडीगढ की टी.गोयल को 3-0 से, बंगाल की एन.सरकार ने एनसीओई की ए.महातो को 3-2 से, गुजरात की एन.जायसवाल ने आरबीआई की काकोली को 3-2 से, कर्नाटक की खुशी विश्वनाथ ने महाराष्ट्र की एन.पाटील को 3-0 से, गुजरात की के.फातिमा ने मध्य प्रदेश की पूजा शर्मा को 3-0 से पराजित कर मुख्य दौर में प्रवेश किया।

# भारत जून में करेगा आयरलैंड का दौरा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के सफेद गेंद के दौरे से पहले विश्व चैंपियन भारत जून में टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए आयरलैंड का दौरा करेगा। आयरलैंड के हाई परफोर्मेंस निदेशक ग्राहम वेस्ट ने इस सीरीज की पुष्टि की।

आयरलैंड जून में भारत के साथ एक छोटी टी-20 सीरीज की मेजबानी करेगा। यह सीरीज इंग्लैंड में जुलाई में होने वाले सफेद गेंद दौरे से पहले खेली जायेगी। आयरलैंड ने आज इसको लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के साथ चल रही बातचीत की पुष्टि की। आयरलैंड के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर ग्राहम वेस्ट ने स्टर्लिंग के फैसले की घोषणा करते हुए एक बयान में पुष्टि की कि भारत के साथ होने वाली सीरीज तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। इससे आयरलैंड के अगले टी-20 कप्तान को टीम को अपने हिसाब से ढालने और तैयार करने का एक शुरुआती मौका मिलेगा।

ग्राहम वेस्ट ने कहा, 2028 के टी-20 विश्व कप के लिए क्वालिफिकेशन पक्का हो जाने के बाद पॉल के टी-20 कप्तान



के पद से हटने के फैसले से नए कप्तान को अपनी शैली और कार्यप्रणाली को लागू करने का अवसर मिलेगा, जिसकी शुरुआत जून में भारत के खिलाफ सीरीज से होगी।

यह प्रस्तावित सीरीज आयरलैंड के लिए एक बदलाव के दौर में हो रही है। कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने आज टी-20 के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। स्टर्लिंग ने कहा, मुझे लगता है कि टीम के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत करने का यह सही समय है, और जो भी टी-20 कप्तानी की जिम्मेदारी लेता है, मैं उसे हर सफलता की कामना करता हूं। उन्हें मेरा पूरा समर्थन मिलेगा, और मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि हम अंतरराष्ट्रीय मंच पर सफलता की ओर आगे बढ़ते रहें और टीम को और मजबूत बनाते रहें।

स्टर्लिंग ने 2023 में पूर्णकालिक आधार पर कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली थी और कुल 48 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में आयरलैंड की कप्तानी की। हालांकि, उनके कार्यकाल के दौरान आयरलैंड को दो बार टी-20 विश्व कप के ग्रुप चरण से ही बाहर होना पड़ा। उनका सबसे हालिया अभियान भी समय से पहले ही समाप्त हो गया, जब आयरलैंड के दूसरे मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय उनके घुटने में चोट लग गई थी। क्रिकेट आयरलैंड ने अभी तक स्टर्लिंग के लिए किसी स्थायी उत्तराधिकारी का नाम नहीं बताया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज लोर्कन टकर, जो उप-कप्तान थे, ने टीम के आखिरी दो विश्व कप मैचों में टीम की कप्तानी की, जबकि हैरी टेक्टर को भी एक संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है। आयरलैंड अगले साल गर्मियों में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा, जिसमें एक टेस्ट मैच, बंगलादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय और तीन टी-20, और अफगानिस्तान के खिलाफ एक बहु-प्रारुप सीरीज शामिल है। भारत 20 जून को खत्म होने वाली एक टेस्ट और तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए अफगानिस्तान की मेजबानी कर रहा है। इसके बाद भारत एक जुलाई से 19 जुलाई तक पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे खेलने के लिए इंग्लैंड जाएगा जबकि आयरलैंड सीरीज इंग्लैंड सीरीज से पहले होगी। भारत ने पिछले सात साल में तीन बार (2018, 2022 और 2023) आयरलैंड का दौरा किया है।

# 4.43 लाख की एमडी ड्रग्स जब्त, कर्ज उतारने के लिए बना तस्कर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर को नशामुक्त बनाने के संकल्प 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत चंदन नगर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने धार रोड स्थित आईटी पार्क गेट के पास घेराबंदी कर खजराना निवासी एक शातिर ड्रग तस्कर को दबोचा है। आरोपी के कब्जे से 43 ग्राम घातक एमडी ड्रग्स बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 4.43 लाख रुपये बताई जा रही है। थाना प्रभारी तिलक करोले के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपी की पहचान मोहसीन पठान निवासी कालका माता मंदिर के पीछे, खजराना के रूप में हुई है। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि आरोपी खुद भी नशे का आदी है और अपने सिर चढ़े भारी कर्ज को उतारने व रातों-रात अमीर बनने के लिए उसने तस्करी का रास्ता चुना। वह बाहरी जिलों से सस्ती ड्रग्स लाकर इन्दौर के युवाओं को ऊंचे दामों पर बेचता थापुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। अब पुलिस रिमांड के जरिए यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस काले कारोबार के तार शहर के किन अन्य बड़े सप्लायरों और ग्राहकों से जुड़े हैं।

# एक्टिवा की डिक्की में ड्रग्स लेकर घूम रहा ग्राफिक डिजाइनर गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ इंदौर क्राइम ब्रांच ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने सपना संगीता रोड स्थित गुलमर्ग कॉम्प्लेक्स के पास से एक संदिग्ध युवक को घेराबंदी कर दबोचा, जिसके पास से 1.30 लाख रुपये मूल्य की घातक एमडी ड्रग्स बरामद हुई है। पकड़ा गया आरोपी पेशे से ग्राफिक डिजाइनर है, जो ज्यादा पैसा कमाने के लालच में नशा तस्करी के दलदल में उतर गया था।

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम शहर में संदिग्धों की तलाश में गश्त कर रही थी, तभी गुलमर्ग कॉम्प्लेक्स के पास एक नीले-सफेद रंग की एक्टिवा पर सवार युवक पुलिस को देखकर हड़बड़ाने लगा। संदेह होने पर टीम ने उसे घेरा और पूछताछ की, तो वह गोलमोल जवाब देने लगा। जब पुलिस ने एक्टिवा की डिक्की की विधिवत तलाशी ली, तो उसमे 12.87 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी छिपाकर रखी गई थी।पुलिस के अनुसार, पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद अजीम निवासी सदर बाजार बताया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी केवल 12वीं कक्षा तक पढ़ा है और वर्तमान में ग्राफिक्स डिजाइनिंग का काम करता है। उसने कबूला कि वह कम समय में अधिक पैसा कमाने की मंशा से बाहर से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर में नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर बेचता था।क्राइम ब्रांच ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से यह पूछताछ कर रही है कि वह यह खेप कहां से लाया था और शहर में किन-किन लोगों को सप्लाई करने वाला था। पुलिस को आशंका है कि इस गिरफ्तारी से शहर के कुछ और बड़े ड्रग पैडलर्स के नाम सामने आ सकते हैं।


मोहम्मद अजीम निवासी





# ट्रांसफार्मर में लगी आग

## विजय नगर में भी जली डीपी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। जवाहर मार्ग के यशवंत रोड स्थित गुरुद्वारा के समीप स्थित डीपी में कल आग लग गई। गुरुद्वारा के समीप बने डीपी में पहले चिंगारी उठी जिसके ष बाद धूं-धूं कर पूरी वायरिंग और डीपी जल गई। गनीमत रही कि आग पर समय रहते काबू पा लिया, क्योंकि समीप ही गुरुद्वारा और दुकानें है। इधर विजय नगर क्षेत्र में भी बीती रात हुई बारिश के बाद आग लगने की सूचना मिली है। बताया जा रहा है कि यहां भी डीपी में आग लगी थी। कुछ लोगों का कहना है कि आग से पहले तेज धमाका हुआ, जिसके बाद आग भभक उठी।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हीरानगर थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर दोस्ती और फिर शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को अलग-अलग होटलों में ले जाकर कई बार अपनी हवस का शिकार बनाया और जब युवती ने शादी का दबाव बनाया, तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक, 21 वर्षीय पीड़िता की शिकायत पर आरोपी अमन पिता राजेश निवासी कंडिलपुरा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कुछ समय पहले उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से आरोपी अमन से हुई थी। बातचीत के दौरान अमन ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी करने का वादा किया।पीड़िता का आरोप है कि शादी का लालच देकर अमन उसे शहर के अलग-अलग होटलों में ले गया। वहां उसने युवती की मर्जी के खिलाफ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। जब भी पीड़िता शादी की बात करती, आरोपी उसे जल्द ही सामाजिक रूप से अपनाने का भरोसा दिलाकर टाल देता था।हाल ही में जब पीड़िता ने शादी के लिए अंतिम बार कहा, तो आरोपी अमन अपने वादे से मुकर गया। उसने न केवल शादी करने से साफ इनकार कर दिया, बल्कि पीड़िता के साथ अभद्रता और गाली-गलौज भी की। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और संपर्क तोड़ लिया।

# पति के दोस्त के साले ने किया दुष्कर्म

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र में मजदूरी करने आई एक महिला के साथ शारिरिक शोषण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने महिला को अकेला पाकर डरा-धमकाकर कई बार दुष्कर्म किया। हद तो तब हो गई जब विरोध करने पर आरोपी ने दंपति को जान से मारने की धमकी देकर इंदौर से भगा दिया और अब फोन पर बदनाम करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

**विरोध करने पर शहर छुड़वाया, अब धमकी देकर करने लगा ब्लैकमेल**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, 35 वर्षीय पीड़िता अपने पति के साथ इंदौर में मजदूरी करने आई थी। पीड़िता के पति के दोस्त अमन ने उन्हें रहने के लिए अपने एमआर-10 क्षेत्र की फैक्ट्री के मजदूर रूम में व्यवस्था करवाई थी। पीड़िता ने बताया कि जब उसका पति काम पर जाता और वह घर में अकेली रहती, तब अमन का साला विकास राय पिता गुप्तेश्वर राय निवासी ग्राम नुरचक, जिला पटना, बिहार हाल निवासी एमआर-10 इंदौर घर में घुस आया।आरोप है कि विकास ने पहली बार महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और शोर मचाने पर उसे समाज में बदनाम करने की धमकी दी। बदनामी के डर से पीड़िता ने शुरू में यह बात किसी को नहीं बताई। इसी का फायदा उठाकर विकास अक्सर घर में घुस आता और डरा-धमकाकर महिला का यौन शोषण करता रहा। आखिरकार हिम्मत जुटाकर महिला ने पूरी आपबीती अपने पति को सुनाई।जब पति ने इस करतूत का विरोध किया, तो आरोपी विकास ने अपनी दबंगई दिखाते हुए दंपति को धमकाया कि यहाँ से चले जाओ, वरना जान से मरवा दूँगा। डर के कारण 22 अगस्त 2025 को महिला और उसका पति अपना काम छोड़कर वापस गांव चले गए। लेकिन आरोपी का हौसला इतना बढ़ गया कि वह अब व्हाट्सएप कॉलिंग के जरिए महिला को धमका रहा है कि अगर मुझसे मिलने वापस नहीं आई, तो तुझे ऐसा बदनाम करूँगा कि समाज में मुँह दिखाने लायक नहीं बचेगी।

# स्क्रैप गोदाम में आग

## डीपी की आग कचरे में पहुंची और वहां से हो गया व्यापारी के यहां नुकसान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांवेर रोड पर आज सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक कबाड़ के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

आग सांवेर रोड स्थित शकील खान के स्क्रैप गोडाउन में लगी थी। सुबह जब इलाके में काम शुरू हो रहा था, तभी गोदाम के भीतर से लपटें उठती दिखाई दीं। चूंकि गोदाम में प्लास्टिक, लोहा और अन्य ज्वलनशील कबाड़ भरा हुआ था, इसलिए आग तेजी से फैल गई। गनीमत रही कि घटना के समय गोदाम के भीतर मजदूर मौजूद नहीं थे, जिससे जनहानि टल गई। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड अधिकारी शिवनारायण शर्मा के नेतृत्व में दमकलकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। दमकलकर्मियों ने चारों तरफ से पानी की बौछार कर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। उल्लेखनीय है कि आग की शुरूआत डीपी में शॉर्ट सर्किट से हुई थी और समीप ही कचरे का ढेर था उसमें आग लगी और वह आग स्क्रैप गोदाम में पहुंच गई।





स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक:- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।